शुक्रवार, 12 सितम्बर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 32 |
| आर्द्रता | 77% |
| सूर्योदयः 5:22 | सूर्यास्तः 17:45 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आश्विन कृष्णपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये




महिला एकदिवसीय विश्व कप में पहली बार सभी महिला अधिकारी होंगी पृष्ठ 6

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : जिंदगी कुछ साल के लिए लीज पर है रजिस्ट्री के चक्कर में न पड़ें।

# भारत-मॉरीशस सिर्फ पार्टनर नहीं, एक परिवार है : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



**वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम को चागोस समझौता संपन्न होने पर बधाई दी। वहीं मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने काशी में भव्य स्वागत के लिए पीएम को धन्यवाद किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे अपने संसदीय क्षेत्र में आपका स्वागत करने का अवसर मिल रहा है। प्राचीन काल से काशी भारत की सभ्यता और सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक रही है। हमारी संस्कृति और संस्कार सदियों पहले भारत से मॉरीशस पहुंचे और वहां की जीवन-पद्धति में रच-बस गए। काशी में मां गंगा की अविरल धारा की तरह, भारतीय संस्कृति का अविरल प्रवाह मॉरीशस को समृद्ध करता रहा है और आज, जब हम मॉरीशस के साथियों का काशी में स्वागत कर रहे हैं, तो यह सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक मिलन है इसलिए मैं गर्व से कहता हूं कि भारत और मॉरीशस सिर्फ पार्टनर नहीं बल्कि एक परिवार है।

### भारत और मॉरीशस स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए काम करेंगे: मोदी

**भारत मॉरीशस को देगा 655 मिलियन डॉलर की आर्थिक मदद, दोनों देशों के बीच 7 अहम समझौतों पर हस्ताक्षर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ व्यापक वार्ता के बाद कहा कि भारत और मॉरीशस स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय व्यापार को सक्षम बनाने की दिशा में काम करेंगे। मोदी ने मीडिया को दिए बयान में दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत और मॉरीशस दो देश हैं, लेकिन उनके सपने और नियति एक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक मुक्त, खुला, सुरक्षित, स्थिर और समृद्ध हिंद महासागर भारत और मॉरीशस दोनों की साझा प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, 'इस संदर्भ में, भारत मॉरीशस के विशेष आर्थिक क्षेत्र की सुरक्षा और समुद्री क्षमता को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।'

### मॉरीशस पीएम रामगुलाम बोले – मोदी के संसदीय क्षेत्र में मिला अभूतपूर्व स्वागत

मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री मोदी और आपकी सरकार को हमारे और मेरे प्रतिनिधिमंडल के प्रति दिखाए गए उदार शिष्टाचार के लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूं। वाराणसी पहुंचते ही, मुझे और मेरी पत्नी को जो स्वागत मिला, उससे हम दोनों ही आश्चर्यचकित रह गए। मेरा मानना है कि किसी भी अन्य प्रधानमंत्री को ऐसा स्वागत कभी नहीं मिला होगा। मुझे खुशी है कि यह आपके निर्वाचन क्षेत्र में है। मैं समझ सकता हूं कि आप इतनी बड़ी संख्या में क्यों चुने जाते हैं। यह भारत की मेरी चौथी आधिकारिक यात्रा है।

# बंगाल में स्वास्थ्य साथी कार्ड को एसआईआर दस्तावेज नहीं मानेगा : चुनाव आयोग

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में स्वास्थ्य साथी कार्ड को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत भारत निर्वाचन आयोग ने नागरिकता का प्रमाण मानने से इनकार कर दिया है। आयोग ने गुरुवार को कहा कि वह केवल ऐसे दस्तावेज को ही मान्यता देगा जिनसे नागरिकता का प्रमाण मिलता है। दरअसल, राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल ने हाल ही में आयोग से पूछा था कि क्या स्वास्थ्य साथी कार्ड को एसआईआर के दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। बता दें कि यह कार्ड केवल राज्य सरकार द्वारा बंगाल के निवासियों को दिया जाता है, लेकिन यह नागरिकता साबित नहीं करता। इसीलिए आयोग ने इसे खारिज कर दिया। बैठक में आयोग ने स्पष्ट किया कि उच्चतम न्यायालय ने आधार कार्ड को केवल बिहार में एसआईआर के लिए व्यक्तिगत पहचान पत्र के रूप में मान्यता दी है। दूसरी ओर, स्वास्थ्य साथी कार्ड को मान्यता देने को लेकर राज्य सरकार की ओर से दिए गए प्रस्ताव को भी आयोग ने ठुकरा दिया है। सीईओ ने कहा कि हेल्थ कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है, बल्कि यह राज्य के लोगों को मुफ्त चिकित्सा के लिए दिया जाता है। आयोग ने तब बताया कि केवल नागरिकता साबित करने वाले दस्तावेजों को ही एसआईआर दस्तावेज माना जाएगा।

# नेपाल के राष्ट्रपति ने की शांति की अपील, अंतरिम सरकार को लेकर गतिरोध जारी

**■ एक गुट बोला– सुशीला कार्की भारत समर्थक, हमें मंजूर नहीं, बालेन शाह का समर्थन किया**



**काठमांडू :** नेपाल सरकार के लिए अंतरिम प्रमुख के चयन को लेकर गतिरोध बृहस्पतिवार को भी जारी रहा, वहीं राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शांति की अपील करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य संवैधानिक ढांचे के भीतर राजनीतिक संकट का समाधान ढूंढना है। अंतरिम सरकार के लिए राजनीतिक बातचीत जारी रहने के बीच काठमांडू और देश के अन्य हिस्सों में स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है, जहां सेना संवेदनशील इलाकों में गश्त कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, सोमवार से शुरू हुए दो दिनों के हिंसक प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। सरकार विरोधी प्रदर्शनों का नेतृत्व करने वाले 'जेन जेड' के प्रतिनिधियों ने अंतरिम सरकार के संबंध में शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक की, लेकिन वार्ता में इस मुद्दे पर गतिरोध उत्पन्न हो गया कि इसका नेतृत्व कौन करेगा। वर्ष 1997 से लेकर 2012 तक के बीच जन्में युवाओं को प्राय: 'जेन जेड' पीढ़ी के नाम से जाना जाता है। सूत्रों ने बताया कि पूर्व प्रधान न्यायाधीश सुशीला कार्की, काठमांडू के महापौर बालेन्द्र शाह, नेपाल विद्युत प्राधिकरण के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कुलमन घीसिंग और धरान के महापौर हरका उन लोगों में शामिल हैं, जिनके नाम पर प्रदर्शनकारी 'जेन जेड' समूह सरकार का नेतृत्व करने के लिए विचार कर रहा है। खबरों के अनुसार, सोमवार को हिंसा शुरू होने के बाद से 25 से अधिक जेलों से 15,000 से अधिक कैदी भाग चुके हैं। नेपाल में हालात धीरे धीरे सामान्य होने के बीच सेना ने बृहस्पतिवार को काठमांडू घाटी के तीन जिलों में निषेधाज्ञा बढ़ा दी, तथा कुछ निश्चित समयावधि के लिए लोगों की आवाजाही की अनुमति दे दी। काठमांडू में कर्फ्यू में कुछ घंटों की ढील के साथ बृहस्पतिवार को व्यापारिक और वाणिज्यिक गतिविधियां धीरे-धीरे फिर से शुरू हो गईं। उच्चतम न्यायालय और बैंक भी खुलने वाले हैं। सेना के अनुसार, कर्फ्यू शुक्रवार सुबह 6 बजे तक रहेगा और उसके बाद पूर्वाह्न 11 बजे से शाम 5 बजे तक प्रतिबंधात्मक आदेश लागू रहेंगे। इसके बाद शुक्रवार शाम 7 बजे से शनिवार सुबह 6 बजे तक कर्फ्यू लागू रहेगा। राष्ट्रपति पौडेल ने कहा, मैं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, लोकतंत्र की रक्षा करने और संवैधानिक ढांचे के भीतर मौजूदा राजनीतिक गतिरोध से बाहर निकलने का हरसंभव प्रयास कर रहा हूं।''

## दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर पर 'नमो भारत' बनी देश की सबसे तेज ट्रेन

**नयी दिल्ली :** 'दिल्ली मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम' के 55 किलोमीटर लंबे खंड पर 160 किमी प्रति घंटे की गति से चलने वाली 'नमो भारत' देश में सबसे तेज गति से चलने वाली ट्रेन बन गई है। इससे पहले 2016 में शुरू गतिमान एक्सप्रेस देश की पहली 'सेमी-हाई स्पीड ट्रेन' थी, जो हजरत निजामुद्दीन और आगरा के बीच विशेष रूप से बिछाई गई पटरियों पर 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलती थी। बाद में, जब सेमी-हाई स्पीड ट्रेन 'वंदे भारत' शुरू की गई तब यह भी उतनी ही अधिकतम गति से चलती थी। रेल मंत्रालय ने हालांकि 24 जून, 2024 को बिना कोई कारण बताए इन ट्रेन की गति 160 से घटाकर 130 किमी प्रति घंटे करने का फैसला किया। वर्तमान में, भारतीय रेल नेटवर्क पर सभी ट्रेन 130 किमी प्रति घंटे की ऊपरी गति सीमा के साथ चलती हैं।

# छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 10 नक्सली ढेर

**छत्तीसगढ़ के बीजापुर में छह इनामी समेत 26 नक्सली गिरफ्तार**



**गरियाबंद :** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में कम से कम 10 नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मारे नक्सलियों में प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के एक वरिष्ठ नेता और केंद्रीय समिति सदस्य (सीसीएम) मोड़ेम बालकृष्ण उर्फ भास्कर भी शामिल है। रायपुर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने बताया कि गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में कम से कम 10 नक्सलियों को मार गिराया है। मिश्रा ने बताया कि मैनपुर क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल(सीआरपीएफ) के कोबरा बटालियन, विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और ई-30 (जिला पुलिस की एक इकाई) को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि आज सुबह से ही क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। वहीं नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट भी किया है। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में कई नक्सली कमांडर समेत कम से कम 10 नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी मिली है। पुलिस के अनुसार, राजधानी रायपुर से 180 किलोमीटर दूर स्थित इस इलाके में शीर्ष नक्सलियों की गतिविधि की सूचना मिलने के बाद यह अभियान शुरू किया गया था।

### छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी, शीर्ष नक्सली ढेर: शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है, जिसमें शीर्ष नक्सली मॉडेम बालकृष्ण समेत 10 नक्सली मारे गए हैं। बालकृष्ण के सिर पर एक करोड़ रुपये का इनाम था। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गये थे। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''नक्सलियों के विरुद्ध हमारे सुरक्षा बलों ने आज एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ के कोबरा कमांडो, छत्तीसगढ़ पुलिस और डीआरजी ने संयुक्त अभियान चलाकर एक करोड़ के इनामी मॉडेम बालकृष्णा उर्फ मनोज समेत 10 कुख्यात नक्सलियों को मारा गिराया है।''

### सीआरपीएफ ने राहुल गांधी पर सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने का आरोप लगाया, खरगे को पत्र लिखा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने दावा किया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी आवाजाही के दौरान कथित तौर पर कुछ सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सीआरपीएफ की वीआईपी सुरक्षा शाखा, लोकसभा में विपक्ष के नेता 55 वर्षीय गांधी को 'जेड प्लस (एएसएल)' सशस्त्र सुरक्षा प्रदान करती है। जब भी राहुल गांधी कहीं जाते हैं, लगभग 10-12 सशस्त्र सीआरपीएफ कमांडो उन्हें नजदीकी सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं। उन्नत सुरक्षा संपर्क (एएसएल) के एक भाग के रूप में, बल गांधी द्वारा दौरा किए जाने वाले स्थानों का प्रारंभिक निरीक्षण करता है। सूत्रों ने बताया कि अर्धसैनिक बल की वीआईपी सुरक्षा शाखा ने बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को एक पत्र भेजा है, जिसमें राहुल गांधी की देश की भीतर यात्राओं के दौरान तथा विदेश रवाना होने से पहले की कुछ ''बिना किसी सूचना के कुछ अनिर्धारित गतिविधियों'' का उल्लेख किया गया है। सूत्रों के अनुसार, उक्त पत्र की एक प्रति गांधी के कार्यालय को भी भेजी गई है। सूत्रों ने कहा कि नियमित रूप से इस तरह का संचार किया जाता है और सीआरपीएफ सुरक्षा शाखा द्वारा पहले भी गांधी की सुरक्षा के संदर्भ में ऐसा संचार किया गया था। बल ने रेखांकित किया है कि इस तरह की अघोषित गतिविधियां ''उच्च जोखिम'' वाले वीआईपी की सुरक्षा के लिए ''जोखिम'' पैदा करती हैं।

### जब पुलिस अधिकारी वर्दी पहन लेते हैं, तो उन्हें निजी, धार्मिक पूर्वाग्रहों को त्यागना चाहिए : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि जब पुलिस अधिकारी वर्दी पहन लेते हैं, तो उन्हें अपने व्यक्तिगत तथा धार्मिक झुकाव और पूर्वाग्रहों को त्याग देना चाहिए। इसके साथ ही न्यायालय ने महाराष्ट्र के अकोला में 2023 में हुए सांप्रदायिक दंगों के दौरान हत्या के कथित मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। महाराष्ट्र पुलिस पर कर्तव्यहीनता और मामले में प्राथमिकी दर्ज न करने की घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने राज्य के गृह विभाग के सचिव को हिंदू और मुस्लिम समुदायों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की एक एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया, जो प्राथमिकी दर्ज कर जांच करेगी। पीठ ने कहा, यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि जब पुलिस बल के सदस्य अपनी वर्दी पहन लेते हैं, तो उन्हें अपने व्यक्तिगत झुकाव और पूर्वाग्रहों को त्यागना पड़ता है, चाहे वे धार्मिक, नस्लीय, जातिवादी या अन्य किसी भी तरह के हों।

# अमेरिका: ट्रंप के करीबी रूढ़िवादी कार्यकर्ता चार्ली किर्क की गोली मारकर हत्या



**ओरेम (अमेरिका) :** अमेरिका में उताह के एक कॉलेज में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी और रूढ़िवादी कार्यकर्ता चार्ली किर्क की गोली मारकर हत्या कर दी गई। किर्क अपने गैर-लाभकारी राजनीतिक संगठन 'टर्निंग पॉइंट यूएसए' द्वारा 'उताह वैली विश्वविद्यालय' के 'सोरेंसन सेंटर' प्रांगण में आयोजित एक बहस में बोल रहे थे। गोलीबारी से ठीक पहले, किर्क एक दर्शक द्वारा भीड़ पर गोलीबारी करने और हिंसा के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। तभी हमलावर ने कुछ दूरी से परिसर की एक छत से गोली चलाई। अधिकारियों का कहना है कि हमलावर चीख-पुकार और छात्रों में मची भगदड़ के बीच फरार हो गया। संघीय, राज्य और स्थानीय अधिकारी बृहस्पतिवार तड़के तक अज्ञात हमलावर की तलाश में जुटे रहे।

# मेरे खिलाफ पैसे देकर चलाया जा रहा राजनीतिक अभियान: गडकरी



**नागपुर :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि ई20 मिश्रित ईंधन के खिलाफ सोशल मीडिया पर चलाया जा रहा अभियान मुझे राजनीतिक रूप से निशाना बनाने के लिए है। इसे पैसे देकर चलाया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री सोसाइटी ऑफ ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के वार्षिक सम्मेलन में सवालों के जवाब दे रहे थे। यहां उनसे पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण से जुड़ी चिंताओं के बारे में पूछा गया था। गडकरी ने जवाब दिया कि ऑटोमोबाइल निर्माता और ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया जैसी संस्थाओं ने पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण पर अपने निष्कर्ष साझा किए हैं। मंत्री ने कहा, 'जिस तरह आपका उद्योग काम करता है, उसी तरह राजनीति भी काम करती है। सोशल मीडिया अभियान सशुल्क था। यह मुझे राजनीतिक रूप से निशाना बनाने के लिए था। इसमें कोई तथ्य नहीं है। सब कुछ स्पष्ट है। इथेनॉल मिश्रण आयात का विकल्प, लागत-प्रभावी, प्रदूषण-मुक्त और स्वदेशी है। गडकरी ने कहा कि भारत जीवाश्म ईंधन के आयात पर भारी रकम खर्च करता है। उन्होंने पूछा कि क्या जीवाश्म ईंधन के आयात को कम करने और बचाई गई राशि को भारतीय अर्थव्यवस्था में लगाने का प्रयास करना आर्थिक रूप से एक अच्छा कदम नहीं है। उन्होंने कहा, 'हमने मक्का से इथेनॉल बनाया। इस कदम से किसानों को 45,000 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है।'


**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


## ईडी ने 650 करोड़ रुपये के फर्जी आईटीसी मामले में कई राज्यों में छापेमारी की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 650 करोड़ रुपये के कथित फर्जी जीएसटी 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' से जुड़े धन शोधन मामले में बृहस्पतिवार को कई राज्यों में छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार संघीय जांच एजेंसी के गुवाहाटी कार्यालय द्वारा अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, तमिलनाडु और तेलंगाना में कई स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की जा रही है।

## राधाकृष्णन आज उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन को शुक्रवार को पद की शपथ दिलाएंगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल राधाकृष्णन सुबह 10 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। राधाकृष्णन (67) ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों से हराया। तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा 21 जुलाई को अचानक इस्तीफा दिए जाने के कारण यह चुनाव कराया गया। उपराष्ट्रपति चुने जाने के बाद, राधाकृष्णन ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल का पद छोड़ दिया। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति मुर्मू ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

## रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती बंद की जाए: भारत ने रूस से कहा

**नयी दिल्ली :** भारत ने बृहस्पतिवार को रूस से मांग की कि वह रूसी सेना में भारतीय नागरिकों को सहायक कर्मचारियों के रूप में भर्ती करना बंद करे। रूसी सेना द्वारा भारतीयों की ताजा भर्ती की खबरों के बाद, भारत ने रूसी सशस्त्र बलों में वर्तमान में सेवारत सभी भारतीयों को भी कार्यमुक्त करने की मांग की। भारत ने अपने नागरिकों को अंतर्निहित 'जोखिमों और खतरों' के मद्देनजर रूसी सेना में शामिल होने के प्रस्तावों को स्वीकार न करने के लिए भी आगाह किया।

## फोर्ब्स की सबसे युवा अमेरिकी अरबपतियों की सूची में भारतीय मूल के बैजू भट्ट शामिल

**ह्यूस्टन :** कमीशन-मुक्त व्यापार मंच रॉबिनहुड के सह-संस्थापक और भारतीय-अमेरिकी उद्यमी बैजू भट्ट को साल 2025 की फोर्ब्स 400 सूची में अमेरिका के 10 सबसे युवा अरबपतियों में शामिल किया गया है। भट्ट (40) इस प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाने वाले भारतीय मूल के एकमात्र व्यक्ति हैं। उन्हें सोशल मीडिया कंपनी मेटा के मार्क जुकरबर्ग जैसे तकनीकी दिग्गजों के साथ फोर्ब्स 400 सूची में शामिल किया गया है। भट्ट की कुल अनुमानित संपत्ति छह से सात अरब अमेरिकी डॉलर के बीच है, जो मुख्य रूप से रॉबिनहुड में उनकी लगभग छह प्रतिशत हिस्सेदारी पर आधारित है।




## नए उपराष्ट्रपति के सामने निष्पक्षता की परीक्षा

इसमें दो राय नहीं कि भारत के पंद्रहवें उपराष्ट्रपति के रूप में सीपी राधाकृष्णन का चुनाव विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की संवैधानिक यात्रा में निरंतरता और परिवर्तन, दोनों का ही प्रतीक है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी राजग के उम्मीदवार के के रूप में उन्होंने विपक्ष के साझा उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के बड़े अंतर से हराया। यह जीत राजग सरकार की विधायी शक्ति और संगठनात्मक अनुशासन को भी रेखांकित करती है। निस्संदेह, भाजपा के लिये, सीपी राधाकृष्णन का चयन एक रणनीतिक कदम ही है। तमिलनाडु के एक अनुभवी नेता, जिनकी आरएसएस में गहरी जड़ें रही हैं, ने पार्टी में महत्वपूर्ण नेतृत्वकारी भूमिकाएं भी निभाई हैं। वे पार्टी से दो बार लोकसभा के लिये सांसद चुने गए। राज्यपाल पद से उन्हें उपराष्ट्रपति पद के लिये पदोन्नत करके, एनडीए ने न केवल उनकी निष्ठा और अनुभव को पुरस्कार दिया है, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में एक दक्षिण भारत के चेहरे को प्रतिष्ठा देकर अपने दूरगामी इरादों को भी जाहिर कर दिया है। जिसका एक सिरा भाजपा के दक्षिण भारत में अपना प्रभाव बढ़ाने के रूप में पार्टी की एक व्यापक महत्वाकांक्षा से भी जुड़ता है। उस महत्वपूर्ण राजनीतिक क्षेत्र में जहां उसे पारंपरिक रूप से चुनावी पैठ बनाने के लिए अब भी संघर्ष करना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि सीपी राधाकृष्णन को राजग के उपराष्ट्रपति पद के लिये उम्मीदवार बनाने के निर्णय ने सबको चौंकाया था। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह निर्णय उनकी राजनीतिक स्मृति की विरासत को भी दर्शाता है। पार्टी के उन नेताओं का सम्मान करना, जिनकी पार्टी के कठिन वर्षों के दौरान की दृढ़ता ने आज की मजबूत भाजपा के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं उनका चुना जाना विपक्ष के राजग का सशक्त विकल्प बनाने के संघर्ष को भी उजागर करता है। उप राष्ट्रपति पद के चुनाव में हार का अंतर न केवल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ताकत को दर्शाता है बल्कि वहीं दूसरी ओर विपक्ष की फूट और क्रॉस-वोटिंग को भी दर्शाता है।

बहरहाल, सीपी राधाकृष्णन का उप राष्ट्रपति पद के लिये चुना जाना विपक्ष के लिये एक सबक जैसा भी है। जो उसे याद दिलाता है कि प्रतीकात्मक मुकाबले एक सुसंगत रणनीति का विकल्प नहीं हो सकते। निर्विवाद रूप से उपराष्ट्रपति का पद केवल औपचारिक व्यक्ति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। वे सांविधानिक पद सोपान में दूसरे सबसे ऊंचे पद पर तो आसीन होते ही हैं, राज्यसभा के पदेन सभापति के रूप में उनकी जिम्मेदारियां भी महत्वपूर्ण होती हैं। राज्यसभा के पदेन सभापति के रूप में उन्हें उच्च सदन में अकसर होने वाले हंगामेदार वाद-विवादों का भी शालीनतापूर्वक निपटारा करना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि उनके नेतृत्व में राज्यसभा की कार्यवाही अधिक समावेशी हो सकेगी और सदन में जन सरोकारों से जुड़ा अधिक कार्य हो सकेगा। उनके लिये चुनौती होगी कि वे अपनी वैचारिक संबद्धता के बावजूद, सदन की कार्यवाही के संचालन में निष्पक्षता और न्यायसंगतता का प्रदर्शन करें। यह निर्विवाद सत्य है कि संसद की विश्वसनीयता अध्यक्ष की दलीय सीमाओं से परे सम्मान अर्जित करने की क्षमता पर निर्भर करती है। ऐसे समय में जब संसदीय कार्यप्रणाली सार्वजनिक विमर्श के दायरे में है, अगर राधाकृष्णन दलगत दबावों से ऊपर उठ सकते हैं, विधायी बहस को मजबूत कर सकते हैं और राज्यसभा की गरिमा का संवर्धन करते हैं, तो उनकी विरासत दलीय निष्ठा से कहीं आगे प्रतिष्ठा हासिल करेगी। यह भी एक हकीकत है कि राधाकृष्णन ऐसे वक्त में यह पद संभालेंगे जब सरकार और विपक्ष के बीच असहमति की खाई ज्यादा गहरी नजर आती है। यही असहमति सर्वसम्मत चुनाव पर एक राय नहीं बना पायी है। आने वाले समय में उन्हें पक्ष और विपक्ष को साथ लेकर विधायी कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। निस्संदेह, उनकी भूमिका गरिमामय संसदीय परंपराओं को अक्षुण्ण बनाये रखने में भी होगी। जिसके लिये उन्हें राजनीतिक प्रतिबद्धताओं से मुक्त नजर भी आना होगा। विश्वास किया जाना चाहिए कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं की कसौटी पर खरे उतरेंगे।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 12 सितम्बर, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन कृष्णपक्ष पंचमी, 10:00 तक, नक्षत्र : भरणी, 11:59 तक, योग : व्याघात, 13:40 तक, सूर्योदय: 5:22, सूर्यास्त: 17:45, चन्द्रोदय : 20:57, चन्द्रास्त: 09:52, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : सिंह, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 10:01 से 11:32

## राशिफल

**मेष :** कारोबार के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है और कामकाज की स्थिति अच्छी बनी रहेगी। इससे आपके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी।

**वृष :** आपको भूमि और संपत्ति संबंधी मामलों में सावधान रहने की जरूरत है, अन्यथा कोई विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। हालांकि, आपको भौतिक सुख के साधनों में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** व्यापार के मामले में आप नई योजनाएं बना सकते हैं, जो भविष्य के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकती हैं। आर्थिक मामलों में आपको ज्यादा खर्चे से बचना होगा।

**कर्क :** कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के साथ बोलचाल बढ़ेगी और आपको उनका सहयोग भी प्राप्त होगा। भौतिक सुख के साधनों में वृद्धि हो सकती है और जीवन में समृद्धि आएगी।

**सिंह :** आपकी कुछ अधूरी इच्छाएं पूरी हो सकती हैं। लेकिन इसके लिए आपको मेहनत करते रहनी होगी। व्यापार के मामले में यात्राओं द्वारा सुखद परिणाम प्राप्त हो सकते हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्या :** अगर कार्यक्षेत्र में किसी व्यक्ति या सहकर्मी के साथ कोई विवाद चल रहा था तो अब आपको उससे छुटकारा मिल सकता है। खर्चों में कमी आ सकती है और बचत बढ़ेगी।

**तुला :** नौकरी करने वालों के लिए दिन बेहद शुभ रहने वाला है। कार्यस्थल पर आपके अधिकारों में वृद्धि हो सकती है और पदोन्नति होने की भी संभावना है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक :** राजनीति के क्षेत्र में आपकी मुलाकात किसी महान व्यक्ति या नेता से हो सकती है, जो भविष्य के लिए लाभदायक भी सिद्ध होगी। सेहत पर खास ध्यान देने की जरूरत होगी।

**धनु :** नए व्यापार को शुरू करने के लिए आप कई योजनाएं बना सकते हैं। इनसे आगे चलकर धन लाभ होने के भी संकेत हैं। कार्यक्षेत्र में सभी बिगड़े काम बनने शुरू हो जाएंगे।

**मकर :** आर्थिक मामलों में आपको सतर्क रहने की जरूरत है, अन्यथा किसी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है और धन हानि होने के भी संकेत हैं। दिन अच्छा रहने वाला है।

**कुम्भ :** अगर कार्यक्षेत्र में आपके कुछ पुराने कार्य अटके हुए हैं, तो कुछ बाधाओं और धन खर्च के बाद वे पूरे हो जाएंगे। इससे आपको थोड़ा सुकून महसूस होगा। आपके प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन :** आपके पराक्रम में वृद्धि होगी और व्यापार के मामले में दिन शुभ रहने वाला है। आपके द्वारा किए गए प्रयासों और योजनाओं से अनुकूल परिणाम प्राप्त हो सकता है।

# बिहार में विकास की नई लहर चल रही है : पीयूष गोयल



**पटना :** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार लगातार प्रगति कर रहा है और राज्य में विकास की नई लहर चल रही है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में गोयल ने कहा कि चाहे रेलवे हो, सड़क हो या औद्योगिक विकास, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर अपने वादे पूरे किए हैं। गोयल ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को बिहार के लिए दो प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें 3,169 करोड़ रुपये की लागत से भागलपुर-दुमका-रामपुरहाट रेलवे लाइन के दोहरीकरण की परियोजना और 4,447 करोड़ रुपये की लागत से बक्सर-भागलपुर हाई-स्पीड कॉरिडोर के मोकामा-मुंगेर खंड में चार लेन वाले राजमार्ग के निर्माण की योजना शामिल है। उनका कहना था कि इन परियोजनाओं से राज्य में परिवहन संबंधी समस्याएं कम होंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में गरीबों के लिए कई योजनाएं लागू कीं। 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आए, मुफ्त अनाज योजना जारी है, किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता और करोड़ों गरीबों को स्वास्थ्य सेवाएं, पक्के आवास और रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। गोयल ने दावा किया कि बिहार में अगली सरकार नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनेगी। उन्होंने राजद शासन को भ्रष्टाचार और 'जंगलराज' से जोड़ते हुए कहा कि अब जनता विकास चाहती है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि पूर्वी भारत और पूर्वोत्तर का विकास किए बिना देश का संपूर्ण विकास संभव नहीं है।

## मॉरीशस के व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश में व्यापार, निवेश की संभावनाएं तलाशीं



**वाराणसी/ लखनऊ :** मॉरीशस के एक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को यहां भारतीय उद्योग मंडलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचे, कृत्रिम मेधा एवं अन्य क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं तलाशीं। आधिकारिक बयान के मुताबिक, 'इन्वेस्ट यूपी' की तरफ से आयोजित बैठक में प्रमुख भारतीय उद्योग मंडलों को नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचे, बंदरगाहों, सड़कों, स्वास्थ्य सेवा, औषधि, वित्तीय सेवाओं, बुनियादी ढांचे, पर्यटन और कृत्रिम मेधा (एआई) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं तलाशने के लिए साथ लाया गया। इस बैठक का उद्देश्य उत्तर प्रदेश और मॉरीशस के बीच आर्थिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाना और दीर्घकालिक निवेश साझेदारियों को बढ़ावा देना था। चर्चा में आईआईए, सीआईआई, पीएचडीसीसीआई, इंडियन अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स, एसोचैम और लघु उद्योग भारती जैसे उद्योग मंडलों के वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचा, बंदरगाह, सड़क, स्वास्थ्य सेवा, औषधि, वित्तीय सेवाएं, बुनियादी ढांचा, पर्यटन और कृत्रिम मेधा (एआई) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की गयी।

## पटना में राजद कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

**पटना :** पटना में राजेंद्र नगर टर्मिनल के पास अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने कथित तौर पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के एक कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान वैशाली जिले में राघोपुर के निवासी राजकुमार उर्फ अला राय के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक (पटना पूर्व) परिचय कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि यह घटना बुधवार रात 10 बजे राजेंद्र नगर टर्मिनल के पास गली नंबर 17 में हुई। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति को गोली मारे जाने की सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित को नजदीकी अस्पताल ले गई, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एसपी ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से छह खाली कारतूस बरामद किए हैं और घटना में दो से अधिक लोगों के शामिल होने का संदेह है। कुमार ने कहा, घटना का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि राजकुमार राजनीति में सक्रिय था और जमीन की खरीद-फरोख्त में भी शामिल था। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है और आरोपियों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस मृतक के ड्राइवर का बयान भी दर्ज कर रही है। स्थानीय लोगों ने मीडियाकर्मियों को बताया कि मृतक राजद से जुड़ा था। 'पीटीआई-भाषा' से बात करते हुए राजद प्रवक्ता (प्रदेश इकाई) एजाज अहमद ने कहा, यह बहुत चौंकाने वाली खबर है। राजकुमार एक सक्रिय पार्टी कार्यकर्ता था। बिहार में नीतीश कुमार सरकार राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था की ऐसी स्थिति को रोकने में बुरी तरह विफल रही है।

## यूपी : पूर्व विधायक छोटे सिंह को हत्या के 31 साल पुराने मामले में उम्र कैद

**जालौन :** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले की एक अदालत ने दो सगे भाइयों की हत्या के 31 साल पुराने एक मामले में पूर्व विधायक छोटे सिंह को बृहस्पतिवार को आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनायी। चुर्खी थाने के प्रभारी निरीक्षक रमाकांत सिंह ने पूर्व में कालपी सीट से विधायक रहे छोटे सिंह को आजीवन कारावास और 71 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाये जाने की पुष्टि की है। अभियोजन पक्ष के वकील कर्मेंद्र सिंह ने यहां बताया कि 30 मई 1994 को छोटे सिंह तथा छह अन्य लोगों ने प्रधान के चुनाव की रंजिश को लेकर दो सगे भाइयों रामकुमार और जगदीश प्रसाद की हत्या कर दी थी। मुकदमे की लम्बी चली सुनवाई के दौरान वर्ष 2007 में छोटे सिंह बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के टिकट पर कालपी सीट से विधायक चुने गये थे।

## बलिया में बिजली के तार की चपेट में आने से लड़के की मौत

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में बिजली के तार की चपेट में आने से एक नाबालिग लड़के की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार जिले के हल्दी थाना क्षेत्र के मुड़ाडीह गांव का आशीष पासवान (16) बुधवार की रात खेत में शौच करने जा रहा था कि तभी वह रास्ते में पहले से टूट कर गिरे हुए बिजली के तार की चपेट में आने से बेहोश हो गया।

## रोडवेज बस अनियंत्रित होकर पलटी : पांच लोगों की मौत हो गई तथा 10 अन्य जख्मी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के काकोरी इलाके में बृहस्पतिवार को एक रोडवेज बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से पांच यात्रियों की मौत हो गई तथा 10 अन्य जख्मी हो गए। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि काकोरी थानाक्षेत्र में गोला कुंआ के पास हरदोई से लखनऊ आ रही एक तेज रफ्तार रोडवेज बस सड़क निर्माण कार्य में लगे टैंकर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर खाईं में जा गिरी। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई तथा 10 अन्य घायल हो गये। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर ने इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो जाने और 10 अन्य के घायल हो जाने की पुष्टि की है। पुलिस ने बताया कि स्थानीय निवासियों की मदद से बचाव दल ने घायल यात्रियों को बाहर निकाला और उन्हें काकोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि घटनास्थल पर सड़क निर्माण कार्य चल रहा था और दुर्घटना के समय सड़क पर पानी का छिड़काव किया जा रहा था।

# रेल मंत्री वैष्णव ने जयपुर में रेलवे के विकास कार्यों का निरीक्षण किया



**जयपुर :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को जयपुर जंक्शन, गांधीनगर और खातीपुरा रेलवे स्टेशनों पर जारी विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया और उनकी प्रगति की समीक्षा की। वैष्णव दिल्ली से खातीपुरा रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने वहां विकसित की जा रही कोच रखरखाव इकाई के मॉडल का निरीक्षण किया। उन्होंने जगतपुरा में एक स्थानीय कार्यक्रम में भी भाग लिया। कार्यक्रम से इतर वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने रेलवे के विकास कार्यों के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की है। रेल मंत्री ने जयपुर में गांधीनगर और खातीपुरा रेलवे स्टेशनों का नाम बदलने का सुझाव दिया ताकि उनके बारे में अधिक स्पष्टता हो सके। उन्होंने सुझाव दिया कि गांधीनगर स्टेशन का नाम बदलकर जयपुर गांधीनगर स्टेशन किया जा सकता है ताकि लोगों को स्पष्ट रूप से समझ आ सके कि यह गुजरात का नहीं बल्कि राजस्थान का गांधीनगर स्टेशन है। उन्होंने अधिकारियों से जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से नामों के संबंध में सुझाव लेने को कहा। केंद्रीय मंत्री ने गांधीनगर रेलवे स्टेशन का दौरा किया और वहां जारी विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी मंत्री के साथ थे। वैष्णव ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की।

## झारखंड के मुख्यमंत्री ने पर्यटन ऐप, वेबसाइट की शुरूआत की




**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बृहस्पतिवार को राज्य की प्राकृतिक सुंदरता को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग के 'लोगो' (चिह्न) का अनावरण किया, साथ ही वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन की शुरुआत भी की। पर्यटन विभाग के 'लोगो' में सूंड उठाए एक हाथी को अतिथियों का स्वागत करते हुए दिखाया गया है। इसमें साल का पेड़, पक्षी, पहाड़ी, पलाश का फूल, देवघर शहर और एक झरने की छवि भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा, झारखंड खनिज संसाधनों के लिए जाना जाता है लेकिन यह राज्य प्राकृतिक सुंदरता से भी समृद्ध है। यदि हम इसे सही ढंग से प्रदर्शित करें तो अधिक लोग हमारे राज्य की ओर आकर्षित होंगे। उन्होंने झारखंड पर्यटन विकास निगम (जेटीडीसी) के 'लोगो' का भी अनावरण किया, जिसमें पारंपरिक जनजातीय कला, वाद्य यंत्र, धार्मिक विरासत, प्राकृतिक संसाधन और खनन को दर्शाया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई जेटीडीसी वेबसाइट में विभिन्न पर्यटक स्थलों की जानकारी उपलब्ध है और होटल बुकिंग की सुविधा भी दी गई है। पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए सोरेन ने कहा कि झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता लंबे समय तक अछूती रही है। अब इसे बेहतर तरीके से प्रस्तुत करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# कर्ता के प्रति कृतज्ञता का भाव सनातन का पहला संस्कार : योगी आदित्यनाथ



**गोरखपुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि कर्ता के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करना सनातन धर्म का पहला संस्कार है। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 56वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 11वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतिम दिन महंत अवेद्यनाथ जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे थे। बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय मनीषा के ज्ञान दर्शन में इस बात को प्रतिष्ठित किया गया है कि जीवन में हमारे, समाज और राष्ट्र के प्रति जिस किसी ने भी योगदान दिया हो, उसके लिए कृतज्ञता का भाव अवश्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने रामायणकाल में हनुमानजी और मैनाक पर्वत के बीच हुए संवाद का उद्धरण कृते च कर्तव्यं एषः धर्मः सनातनः को समझाते हुए कहा कि यह भाव सनातन धर्म की मूल चेतना से प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने हेतु आश्विन मास का कृष्ण पक्ष समर्पित किया गया है। गोरक्षपीठ में पूज्य ब्रह्मलीन महंतद्वय की पुण्यस्मृति में आयोजित यह साप्ताहिक कार्यक्रम भी कृतज्ञता ज्ञापन का एक आयाम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी और गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी का स्मरण करते हुए कहा कि महंतद्वय समाज, राष्ट्र और लोकजीवन से जुड़े हर मुद्दे पर सनातन धर्म और भारत के हितों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध रहे। उन्होंने कहा, 'महंत दिग्विजयनाथ जी ने सनातन धर्म, शिक्षा, सेवा और राष्ट्रीयता के जिन मूल्यों और आदर्शों की स्थापना की, उन्हें महंत अवेद्यनाथ जी ने आत्मसात कर आगे बढ़ाया। इन मूल्यों के लिए दोनों आजीवन समर्पित रहे और उन्होंने देश और धर्म को सदैव प्राथमिकता दी।

## पंजाब: सीमा पार हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़, सरगना समेत छह तस्कर गिरफ्तार




**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को छह लोगों को गिरफ्तार कर सीमा पार से संगठित हथियार तस्करी के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि तस्करों के पास से छह अत्याधुनिक हथियार और 5.75 लाख रुपये भी बरामद किए गए हैं। इस गिरोह का सरगना महकप्रीत सिंह उर्फ रोहित अपने विदेशी आकाओं के निर्देशों पर यह धंधा चला रहा था। उन्होंने बताया कि जांच के विभिन्न चरणों में अमृतसर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान कई बरामदगी की गई। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया, प्रगट सिंह को शुरुआत में सीमा पार से भेजी गई दो खेपों के साथ गिरफ्तार किया गया था। आगे की जांच में अजयबीर सिंह, करणबीर सिंह और श्री राम को अतिरिक्त हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया। इस मॉड्यूल के सरगना महकप्रीत को गोवा से गिरफ्तार किया गया और उसके पास से तीन हथियार जब्त किये गये। यादव ने बताया कि हथियारों की तस्करी की आय हवाला के जरिए होती थी, जिसके लिए दिनेश कुमार को 5.75 लाख रुपये के हवाला धन के साथ गिरफ्तार किया गया।

## वर्ग पहेली नं. 3205

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 | |
| | ■ | 6 | | 7 | | 8 | ■ | | ■ |
| | ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | 11 |
| 12 | 13 | | 14 | ■ | 15 | | 16 | ■ | |
| ■ | 17 | | | 18 | ■ | ■ | 19 | 20 | |
| 21 | | ■ | 22 | | 23 | | ■ | | ■ |
| | ■ | 24 | | ■ | | ■ | 25 | | |
| 26 | | | ■ | ■ | 27 | | | | ■ |
| | ■ | 28 | | | | ■ | 29 | | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) साजसिंगार, 2) गुप्त तथा गूढ हितकर सलाह, 3) एक बड़ा साँप, 5) टंटाबखेड़ा, 7) चढ़ावा, 8) बाण, 11) स्थान, 13) पसीना, 14) द्रवत्व, 16) हाथी, 18) चीज़; पर्वत, 20) पुस्तकालय में अध्ययनकक्ष, 21) दुधमुँहा, 23) तेजी से सुलगना, 24) पपड़ी; झिल्ली, 25) पक्व होना. *(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) पहला, 4) परम धूर्त, 6) एकसाथ भोजन, 9) घड़ा, 10) घोड़ा, 12) उपदेश, 15) बनावट; निर्माण, 17) धज्जी; परखचा *(काटने के बाद)*, 19) साक्षी, 21) असमीप, 22) क़रीबन, 24) ठौर ठिकाना, 25) शरण, 26) मायका, 27) घरेलू झगड़ा; नदी के जलप्रवाह का आवाज, 28) छटपटाना, 29) अवर कर्मचारी; *असिस्टेंट*.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ■ | अ | प | मा | न | ■ | सै | ला | ब |
| वि | ■ | का | ■ | ल | स | दा | र | ■ | र |
| चा | व | ल | ■ | ख़ा | ■ | मी | ■ | अ | ब |
| र | स | ■ | पि | ना | क | ■ | ह | व | स |
| ■ | ति | र | छा | ■ | त | ह | ल | का | ■ |
| आ | स्था | ■ | ड़ी | ■ | रा | ■ | ■ | श | नि |
| स | न | की | ■ | अ | ना | द | र | ■ | रा |
| पा | ■ | च | तु | र्थ | ■ | मा | सी | ■ | धा |
| स | ड़ | क | ■ | ना | श | ■ | द | स्तु | र |

## सुडोकू-पहेली-3162

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | | | | | | | |
| | 4 | | | 1 | | | 7 | |
| | | 3 | | 6 | | | 9 | 4 |
| | | 6 | 4 | | | | | 5 |
| | 5 | | | | | | | |
| | 9 | | | | 6 | | | 1 |
| 7 | | | | | 8 | | | |
| | | | | | | 3 | | 9 |
| | 3 | 1 | 2 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3161 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 7 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 2 | 6 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 6 | 9 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 4 | 6 | 8 | 9 | 3 | 7 | 1 | 2 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 3 | 9 | 6 |
| 3 | 9 | 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 4 | 8 |
| 1 | 3 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 | 9 |
| 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 7 | 1 |
| 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 |

# शिक्षक भर्ती की मांग पर अभ्यर्थियों ने विधानसभा के बाहर किया प्रदर्शन

## पुलिस व प्रदर्शकारियों के बीच हाथापाई, कई हिरासत में



**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता में गुरुवार को एक बार फिर शिक्षक भर्ती उम्मीदवारों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया है। वर्ष 2022 में टेट परीक्षा पास करने वाले लगभग 200 अभ्यर्थी इंटरव्यू की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे और विधानसभा तक मार्च करने की कोशिश की। धर्मतला इलाके में शुरू हुआ यह प्रदर्शन एस्प्लानेड मेट्रो स्टेशन के पास ही पुलिस और अभ्यर्थियों के बीच टकराव में बदल गया। पुलिस ने बेरिकेड लगाकर आंदोलनकारियों को रोकने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी बेरिकेड तोड़ते हुए विधानसभा की ओर बढ़ने लगे। स्थिति तब और बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारी विधानसभा के गेट नंबर-2 के सामने धरने पर बैठ गए। पुलिस ने धारा 144 लागू होने का हवाला देते हुए उन्हें वहां से हटने को कहा, लेकिन आंदोलनकारी अड़े रहे। इसके बाद, पुलिस ने बल प्रयोग कर कई अभ्यर्थियों को खींचकर प्रिजन वैन में बैठाया। वहीं, कुछ अभ्यर्थी वैन के सामने ही बैठ गए, जिन्हें भी बाद में जबरन हटाया गया। अभ्यर्थियों का आरोप है कि टेट पास करने के बाद भी तीन साल से वे नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उनका कहना है कि न तो इंटरव्यू की प्रक्रिया शुरू की गई है और न ही 50 हजार शिक्षकों की नियुक्ति के वादे पर कोई ठोस कदम उठाया गया है। फिलहाल, पुलिस ने सभी गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों को इलाके से हटा दिया है, लेकिन आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे सड़कों पर संघर्ष जारी रखेंगे।

### '50 हजार रिक्त पद जैसी कोई बात नहीं', टेट 2022 आंदोलन पर बोलें शिक्षा मंत्री



टेट-2022 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के आंदोलन को लेकर गुरुवार को शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने तीखी प्रतिक्रिया दी। आंदोलन को अर्थहीन बताते हुए उन्होंने कहा कि 50 हजार या 51 हजार रिक्त पद जैसी कोई बात नहीं है। ब्रात्य बसु ने कहा कि रिक्त पदों की सूची तैयार करने का काम जारी है और अगले कुछ दिनों में यह जारी की जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि शून्यपद कितने हैं, इसका अभी तक कोई निश्चित आंकड़ा नहीं है। लेकिन उम्मीदवारों को यह बताया जा रहा है कि 50 हजार या 51 हजार पद हैं, जो सही नहीं है। उन्होंने अभ्यर्थियों को आश्वस्त किया कि जिला स्तर पर रिक्तियों का निर्धारण पूरा हो चुका है और जल्द ही इस संबंध में अधिसूचना जारी की जाएगी। उन्होंने दोहराया कि आंदोलन की कोई आवश्यकता नहीं है।

### शिक्षा मंत्री के आवास पहुंचे प्रदर्शनकारी, नहीं हो सकी मुलाकात

बाद में, प्रदर्शनकारी लेकटाउन क्षेत्र में शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु के आवास के पास एकत्र हुए और उनसे तत्काल मुलाकात की मांग की, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि आज शिक्षा मंत्री ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि राज्य सरकार के पास रिक्त पदों की सही संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं है और प्राथमिक शिक्षा बोर्ड 2022 में टेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के बारे में सभी प्रासंगिक आंकड़े एवं अधिसूचना अगले कुछ दिनों में जारी करेगा। हम चाहते हैं कि वह (शिक्षा मंत्री) हमसे बात करें और हमारी शंकाओं को दूर करें।

# ममता की मानसिकता टुकड़े-टुकड़े गैंग जैसी : शुभेंदु अधिकारी

## मुख्यमंत्री की सेना पर कथित टिप्पणी के विरोध में पूर्व सैनिकों ने दिया धरना

**कोलकाता, समाज्ञा :** धर्मतला में भारतीय सेना के पूर्व अधिकारियों के धरना मंच पर शामिल होकर नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सेना आपको देखकर नहीं भागी, बल्कि आप सेना को देखकर मेयो रोड से डोरिना क्रॉसिंग भाग गई थीं। बता दें कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गांधी प्रतिमा के नीचे से तृणमूल कांग्रेस का मंच खोले जाने पर सेना की आलोचना की थी। इसके खिलाफ ही गुरुवार को कुछ पूर्व सैन्य अधिकारी धरने पर बैठे। पुलिस ने उन्हें अनुमति नहीं दी थी, लेकिन हाई कोर्ट ने शर्तों के साथ धरने की इजाजत दी। शर्त थी कि किसी भी राजनीतिक दल का नेता मंच पर नहीं जाएगा। इसके बावजूद, शुभेंदु अधिकारी वहां पहुंचे।



इस पर, उन्होंने सफाई दी कि वह किसी राजनीतिक दल के नेता के रूप में नहीं, बल्कि नेता प्रतिपक्ष के रूप में आए हैं। इसलिए अदालत के आदेश का उल्लंघन नहीं हुआ। शुभेंदु ने कहा कि हम कानून और अदालत का सम्मान करते हैं। मुख्यमंत्री पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ऐसे व्यवहार करती हैं मानो बंगाल कोई अलग देश हो और वह इसकी प्रधानमंत्री हों। शुभेंदु के मुताबिक, ममता का रवैया स्पष्ट रूप से 'देशविरोधी' है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय सेना किसी से डरती नहीं। चीन डरता है, पाकिस्तान डरता है, लेकिन ममता बनर्जी को देखकर सेना डरकर भाग जाएगी, यह कभी संभव नहीं। उन्होंने यहां तक कहा कि ममता का रवैया देश के तथाकथित 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' जैसा है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि ममता बनर्जी ने भारतीय सेना का अपमान करने की हिम्मत दिखाई है और जनता इसका जवाब देगी। उन्होंने उनके इस्तीफे की भी मांग की।

## राज्य सरकार का बड़ा फैंसला:

# सरकारी कर्मचारियों के लिए एलटीसी और एचटीसी की अवधि 1 साल बढ़ाई गई

**कोलकाता :** राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए लीव ट्रैवल कंसेशन (एलटीसी) और होम ट्रैवल कंसेशन (एचटीसी) की अवधि एक साल बढ़ाने का फैसला किया है। इस संबंध में वित्त विभाग की ओर से आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। निर्णय सामने आते ही सरकारी कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

सूत्रों के अनुसार, एलटीसी की मौजूदा अवधि 31 अक्टूबर 2025 को समाप्त होने वाली थी। सामान्यत: यह सुविधा हर तीन साल में एक बार दी जाती है। अब इसकी अवधि 31 अक्टूबर 2026 तक बढ़ा दी गई है। इसी तरह, एचटीसी की अवधि भी एक साल के लिए बढ़ाई गई है।

इस निर्णय से उन कर्मचारियों को लाभ मिलेगा जो निर्धारित समय सीमा में इस सुविधा का लाभ नहीं उठा पाए थे। अब वे आगामी एक वर्ष के भीतर इसका लाभ ले सकेंगे।

हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह अवधि विस्तार केवल एक बार के लिए है और भविष्य की छुट्टियों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

इसका अर्थ है कि भले ही पुरानी छुट्टियों की अवधि बढ़ा दी गई हो, लेकिन कर्मचारी 1 नवंबर 2025 से नई अवधि की छुट्टियों के लिए सामान्य नियमों के अनुसार आवेदन कर सकेंगे। बाकी नियम और शर्तें पहले की तरह ही लागू रहेंगी।

**बइरबी-कोलकाता उद्घाटनी स्पेशल ट्रेन का संशोधित गठन**

कोलकाता एवं सायरंग के बीच नई ट्रेन सेवा के शुभारम्भ के संबंध में पूर्व प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में, यह उल्लेख किया जाता है कि बइरबी स्टेशन से दिनांक 13.09.2025 (शनिवार) को लगभग 10.00 बजे यात्रा शुभारम्भ करने वाली **03126 बइरबी-कोलकाता उद्घाटनी स्पेशल** के **गठन** में निम्नानुसार **संशोधन** किया गया है:
**संशोधित गठन: वातानुकूलित 2-टीयर-2, वातानुकूलित 3-टीयर-7, शयनयान श्रेणी-7, साधारण द्वितीय श्रेणी (डब्ल्यूएस)-4, एलएसएलआरडी-1 एवं पावर कार-1 = 22 कोच।** मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**कोलकाता–पटना–कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस की यात्रा का विस्तार आरा तक किया जाएगा**

यात्रियों की सुविधा के लिए, 12359/12360 **कोलकाता–पटना–कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस** के रूट को **आरा स्टेशन** तक बढ़ाया जाएगा और ये ट्रेनें दिनांक **13.09.2025** से कोलकाता से 12359 **कोलकाता–आरा गरीब रथ एक्सप्रेस** के रूप में तथा दिनांक **12.09.2025** से आरा से 12360 **आरा–कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस** के रूप में चलेंगी। पटना और आरा के बीच विस्तारित अंश की समयसूची निम्नानुसार होगी:

| 12359 कोलकाता – पटना–आरा | | | स्टेशन | 12360 आरा – पटना–कोलकाता | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | | आ. | प्र. | दिन |
| मंगल, बृहस्पति शनि | – | 20.05 | ↓ कोलकाता | 05.30 | – | बृहस्पति, शनि, सोम |
| बुध, | 06.05 | 06.15 | पटना | 19.55 | 20.05 | बुध, |
| शुक्र, | 06.30 | 06.32 | दानापुर | 19.18 | 19.20 | शुक्र, |
| रवि | 07.45 | – | आरा ↑ | – | 18.30 | रवि |

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक
पूर्व रेलवे

## बांग्लादेश भेजे गए बंगाल के दो परिवारों पर हाईकोर्ट ने उठाए सवाल, केंद्र से मांगा हलफनामा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के बीरभूम ज़िले के मुरारई और पाइकर निवासी दो परिवारों को हाल ही में बांग्लादेश भेजा गया। लेकिन इस फैसले को लेकर अब कानूनी विवाद खड़ा हो गया है। परिवारों का दावा है कि वे असल में भारतीय नागरिक हैं और बिना किसी ठोस जांच के उन्हें बांग्लादेश डिपोर्ट कर दिया गया।

इस मामले में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। केंद्र ने शुरू में दलील दी कि यह मामला सुनने का अधिकार (एक्तियार) कोलकाता हाईकोर्ट का नहीं है। हालांकि, गुरुवार को अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि एक्तियार के मुद्दे पर अभी कोई फैसला नहीं होगा, इसे मुख्य मामले के साथ ही देखा जाएगा।



हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि किन प्रक्रिया और नियमों के तहत दोनों परिवारों को बांग्लादेश भेजा गया, उसका विस्तृत हलफनामा दाखिल किया जाए। इसके आधार पर राज्य और याचिकाकर्ता अपनी प्रतिक्रिया देंगे।

याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि एफआरओ (विदेशी क्षेत्रीय कार्यालय) की ओर से कोई डिपोर्टेशन आदेश नहीं था। 24 जून को पुलिस ने एकतरफा निर्णय लेकर उन्हें भेज दिया। जबकि केंद्र की 2025 की अधिसूचना के अनुसार, संबंधित ज़िलाधिकारी को राज्य के गृहसचिव के माध्यम से रिपोर्ट भेजकर एक माह के भीतर निर्णय लेना होता है।

राज्य सरकार का कहना है कि इन परिवारों से जुड़े दस्तावेज़ और प्रमाण पहले ही गृह मंत्रालय को भेजे गए थे, लेकिन अभी तक दिल्ली से कोई जवाब नहीं आया।

मामलाकारियों का गंभीर आरोप है कि केंद्र ने कोलकाता हाईकोर्ट को अंधेरे में रखकर दिल्ली में केस दर्ज किया, वह भी डिपोर्टेशन के बाद। यह उचित है या नहीं, इस पर अदालत विचार करेगी।

अब इस मामले की अगली सुनवाई 23 सितंबर को होगी।

### फर्जी जाति प्रमाणपत्र के जरिए नौकरी! पूर्त विभाग के 5 इंजीनियरों पर गंभीर आरोप

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के पूर्त विभाग में बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। आरोप है कि विभाग में नियुक्त 5 सहायक इंजीनियरों ने नौकरी पाने के लिए फर्जी जाति प्रमाणपत्र (कास्ट सर्टिफिकेट) का इस्तेमाल किया। इस गंभीर मामले की जांच का आदेश अनुसूचित वर्ग कल्याण विभाग ने दिया है। विभाग की ओर से पूर्त विभाग को चिट्ठी भेजकर जांच शुरू करने को कहा गया है। सूत्रों के अनुसार, उस चिट्ठी में आरोपित इंजीनियरों के नाम भी दर्ज हैं। हालाँकि, पूर्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि अभी तक उन्हें ऐसी कोई आधिकारिक चिट्ठी प्राप्त नहीं हुई है। इस मामले ने विभागीय स्तर पर हलचल मचा दी है और अब देखना होगा कि जांच के बाद इन इंजीनियरों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।

## अर्जुन सिंह के खिलाफ कई थानों में एफआईआर

# तृणमूल ने लगाया ममता की हत्या की साजिश रचने का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता और पूर्व सांसद अर्जुन सिंह के विवादित बयान पर तृणमूल कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। साथ ही, बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के विभिन्न थानों में उनके खिलाफ तृणमूल कांग्रेस की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है। बता दें कि अर्जुन सिंह ने हाल ही में बयान दिया था कि जैसे नेपाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ युवाओं ने (18 से 30 वर्ष आयु वर्ग) जन-आंदोलन किया, वैसे ही बंगाल के युवाओं को भी साहस दिखाना चाहिए। तृणमूल ने इसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ षड्यंत्र और हिंसा भड़काने की कोशिश बताया। तृणमूल सांसद पार्थ भौमिक के निर्देश पर बुधवार को विभिन्न थानों में नगरपालिकाओं के



चेयरमैनों ने अर्जुन सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। भौमिक का आरोप है कि सिंह वास्तव में ममता बनर्जी की हत्या की साजिश रच रहे हैं। हालांकि, अर्जुन सिंह इसे लेकर बेपरवाह दिखे। उन्होंने दोहराया कि मैं फिर कह रहा हूं कि इस भ्रष्ट सरकार को गिराने के लिए बंगाल में जन-आंदोलन होना चाहिए।

## ममता को सुरक्षा छूट पर विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अवमानना याचिका

**कोलकाता, समाज्ञा**

नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष विमान बंद्योपाध्याय के खिलाफ कलकत्ता उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की है। भाजपा विधायक ने आरोप लगाया है कि अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को व्यक्तिगत अंगरक्षकों के साथ विधानसभा में प्रवेश की अनुमति देकर न्यायालय के आदेश का उल्लंघन किया है। याचिका में कहा गया है कि न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की एकल पीठ ने हाल ही में आदेश दिया था कि कोई भी विधायक व्यक्तिगत सुरक्षा गार्ड के साथ विधानसभा परिसर में प्रवेश नहीं कर सकेगा। लेकिन अध्यक्ष ने बाद में यह स्पष्ट किया कि यह नियम सभी विधायकों पर लागू होगा, हालांकि मुख्यमंत्री को इससे छूट दी जाएगी।

शुभेंदु अधिकारी का तर्क है कि सभी विधायकों का दर्जा समान होता है और किसी भी सदस्य, यहां तक कि मुख्यमंत्री को भी, नियमों से छूट नहीं दी जानी चाहिए। उनका कहना है कि अध्यक्ष का निर्णय न्यायालय के आदेश की अवहेलना है।

न्यायमूर्ति सिन्हा ने अधिकारी को याचिका दायर करने की अनुमति दे दी है और इस मामले की सुनवाई अगले सप्ताह होने की संभावना है। विपक्ष की ओर से अदालत से यह अपील भी की गई है कि विधानसभा प्राधिकरणों को सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का निर्देश दिया जाए, ताकि कार्यवाही के दौरान इसे साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जा सके।

### बिधाननगर महकमा अस्पताल में लगी आग, मरीजों और परिजनों में हड़कंप

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिधाननगर महकमा अस्पताल में गुरुवार की सुबह अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। अस्पताल की आउटडोर बिल्डिंग के बाहर लगे एसी मशीन से अचानक धुआं निकलने लगा और देखते-ही-देखते पूरा परिसर काले धुएं से भर गया। इससे मरीजों और उनके परिजनों में दहशत फैल गई और आउटडोर विभाग में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। हालांकि, अस्पताल में मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत आग पर काबू पा लिया। कुछ ही देर में स्थिति नियंत्रण में आ गई और किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। दमकल अधिकारियों ने बताया कि आग आउटडोर विभाग के बाहर लगे एसी मशीन में लगी थी। यह घटना संभवतः तापमान में अचानक बदलाव या किसी तकनीकी कारण से हुई होगी। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि आग शॉर्ट सर्किट से नहीं लगी। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# बालू तस्करी घोटाले में मुख्य सरगना ईडी की रडार पर

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में बालू तस्करी के घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दो प्रमुख सरगना शेख जाहिरुल अली और सौरव रॉय के बाद मुख्य सरगना संजीव बॉयड का पता लगाया है। ईडी सूत्रों के अनुसार, संजीव बॉयड भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) से प्रमाणित एक बीमा एजेंट है। हालांकि, जांच एजेंसी को संदेह है कि उसका बीमा कारोबार महज मुखौटा था और असली काम अवैध कारोबारियों के लिए हवाला एजेंट के रूप में काम करना था। बताया जा रहा है कि बॉयड न केवल इन अवैध कारोबारों से होने वाली कमाई को विदेशों तक पहुंचाने में मदद करता था, बल्कि उस धन का एक हिस्सा विदेशी संपत्तियों में निवेश करने की भी व्यवस्था करता था। उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह ईडी ने राज्य भर में दोनों सरगनाओं शेख जाहिरुल



और सौरव के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान, कोलकाता के बाहरी इलाके रीजेंट कॉलोनी स्थित बॉयड के कार्यालय और आवास पर तलाशी ली। यहां जांच एजेंसी को शेख जाहिरुल अली और सौरव रॉय के साथ कारोबारी रिश्तों के सबूत मिले। ईडी सूत्रों के अनुसार, छापेमारी के दौरान बॉयड के एक कॉर्पोरेट संस्थान से संबंधों के भी प्रमाण मिले, जो बालू खनन और व्यापार से जुड़ा हुआ है। यह कंपनी कोलकाता के दक्षिणी हिस्से बेहाला और साल्ट लेक स्थित दो कार्यालयों से संचालन करती है। इसके अलावा, जांच एजेंसी को बॉयड के संपर्क में रहे कई अन्य व्यक्तियों और संस्थाओं के नामों का भी पता चला है, जो राज्य के अलग-अलग स्थानों से संचालन किया जा रहा है। साथ ही, इनमें कितने लोग अवैध बालू खनन और व्यापार में शामिल है, की भी पुष्टि की जाएगी।

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**
**ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति के लिए निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **[A] No. CE/T/76/2025-26, दिनांक: 01-09-2025। क्र.सं.: [01]। निविदा सं: Engg-45-2025-26। कार्य का नाम:** सीएलडब्ल्यू, चित्तरंजन (चरण-I) में क्वार्टरों और सेवा भवन की टपकती छत का सम्पूर्ण छत उपचार। **विज्ञापित निविदा मूल्य (रुपये):** ₹ 23,29,65,250.00। **बोली सुरक्षा राशि (रुपये): ₹ 13,14,800.00। समापन की अवधि:** 12 (बारह) महीने। **समापन की तिथि: 22.09.2025।**
**[B] No. CE/T/21/2025-26, दिनांक: 02-09-2025। क्र.सं.: [01]। निविदा सं.: Engg-46-2025-26। कार्य का नाम:** 1. सीएलडब्ल्यू, चित्तरंजन में पीसी मुखर्जी भवन, करनैल सिंह भवन, एनेक्स-I एवं II, सीआरजे भवन और कांगोई भवन की मरम्मत। 2. सीएलडब्ल्यू, चित्तरंजन के क्वार्टरों में रसोई और अलमारी की मरम्मत। 3. सीएलडब्ल्यू, चित्तरंजन में कर्मचारी क्वार्टरों के दरवाजे और खिड़कियों की मरम्मत। **विज्ञापित निविदा मूल्य (रुपये): ₹ 14,50,91,308.66। बोली सुरक्षा राशि (रुपये): ₹ 8,75,500.00। समापन की अवधि:** 07 (सात) महीने। **समापन की तिथि: 23.09.2025।**
**नोट:** 1. पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** एवं **www.clw.indianrailways.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। 2. **सम्पर्क नम्बर- 9163340201 एवं 9163340205।**
**PR2/202** उप मुख्य अभियन्ता/विरेका/चित्तरंजन
"हमें www.facebook.com/clwrailways पर लाइक करें"

**NAME AND D.O.B CHANGE**
I, Justina Xaxa w/o RIJUS XAXA, resident of Vill- Khandsa Karanj Toli, P.O- Charaidand, Dist.-Jashpur, (C.G) Pin- 496334 My son's Army No.is- 15719313M, Rank-NK, Name Ronix Xaxa. That earlier, my name and DOB had been recorded incorrectly. do hereby declare that have changed my name from Jostina Xaxa and D.O.B- 10/09/1969 to Justina Xaxa D.O.B- 01/01/1950 by Vide affidavit before the Notary Public Biplab Sadar Govt of W.B at Alipore 24 parganas (South) dated 04.09.2025

**पूर्व रेलवे**
**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-19-25, दिनांक 08.09.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-19-25 के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में 02 वर्ष के लिए रामपुरहाट-दुमका शाखा में टीआरडी मेंटेनेंस एवं ब्रेकडाउन गतिविधियों की आउटसोर्सिंग तथा रामपुरहाट-मुरारई में नई तृतीय लाइन। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.1,01,63,014.70, **बयाना राशि/ बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 2,00,800/-, **निविदा प्रपत्र की लागत:** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 24 (चौबीस) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 07.10.2025 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
HWH-286/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**
**विस्तृत निविदा सं.: 02-डब्ल्यूटी-सीएओ-सी-आरएसपी-ईआर 25-26 (खुली निविदा), ई-निविदा प्रणाली, दिनांक: 09.09.2025,** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आरएसपी/पूर्व रेलवे, 4था तल, 14, स्ट्रैंड रोड, एनकेजी, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** सीएओ/निर्माण/आरएसपी/पूर्व रेलवे के अधीन रोड ओवरब्रिजों, फुट ओवरब्रिजों और शेड के निर्माण के लिए विस्तृत डिजाइन एवं ड्रॉइंग तैयार करना। **अनुमानित मूल्य:** रु.6,89,34,781/-, **बयाना राशि:** रु. 4,94,700/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि :** 36 (छत्तीस) माह। **अंतिम तिथि:** 08.10.2025 को 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
CON-37/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**
**निविदा संख्या :– TESTING-25-26-167**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एम&पी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या **TESTING-25-26-167** नियत तिथि:–**29.09.2025** जारी की जाती है। यह खुली ई. निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है– यह निविदा एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित है।
**कार्य का नाम:** लिफ्टिंग मशीन, चेन, रस्सी, EOT क्रेन, ट्रैवर्सर, शटल कार, जिब क्रेन, मोबाइल क्रेन, FLT, बोगी हैंगर, जैक और प्रेशर वेसल आदि का परीक्षण, जांच और प्रमाणन, जो फैक्ट्री अधिनियम 1948 और यूपी फैक्ट्री नियम 1950 के प्रावधानों के अनुसार उपयोग/स्थापित किए गए हैं, कार्य की प्रकृति के अनुसार 5 वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा। **कार्य की अनुमानित लागत रुपया में:** रु. 38,60,526.82 (अड़तीस लाख साठ हजार पांच सौ छब्बीस रुपये और बयासी पैसे)। **धरोहर राशि:** रु. 77,200.00। **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** रु.3,000.00। **कार्य समापन की अवधि:** पाँच वर्ष (60 माह)।
● **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय – 29/09/2025 को 15:30 बजे।**
● विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। कार्य प्रबंधक/एम0 एण्ड पी0
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/फर्नि. प्रोग., आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये (निविदा सं.–एम–200/इन हाउस एमएफजी. एस&बी / विथ मटेरियल/एलडब्लूएस/2025–26 दि.05.09.2025) एकल पैकेट प्रणाली आधारित भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in द्वारा खुली **ई–निविदा** आमंत्रित की जाती हैं–
**कार्य का नाम:** कार्य क्षेत्र के अंतर्गत सभी रॉ मटेरियल सेट लिस्ट न. MCFRSBLWSDD VERSION 00 अनुसार, की सप्लाई के साथ एलडब्लूएस (डीडीजी) कोचों के लिए सीट और वर्थ सेट के इन हाउस निर्माण के कार्य हेतु निविदा का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपया में):** 3,07,85,197.00। **अमानत राशि / बिड सिक्यूरिटी (रुपया में):** 3,03,900.00। **कार्य की मात्रा:** 50 कोच सेट। **कार्य समापन की अवधि:** 12 माह।
● ई–निविदा दिनांक 29.09.2025 को 15:00 बजे तक ऑन–लाइन जमा कर सकते हैं। हस्त लिखित निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
● ई–निविदा दिनांक 29.09.2025 को 15:00 बजे के बाद ऑन–लाइन **http://www.ireps.gov.in** के द्वारा खोली जाएगी।
● ई–निविदा सूचना और टर्म्स एवं कंडीशन का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के आईआरईपीएस की वेब साइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उप मु0 यांत्रिक अभियन्ता/फर्नि0 प्रोग0
**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**पूर्व रेलवे**
**निविदा सूचना सं.: ईएमयूटीसीसीओएनवी-25-26, दिनांक 05.09.2025,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, काँचरापाड़ा, कैरिज/लोको कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, पीओ: काँचरापाड़ा, पिन-743145 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** ईएमयू कोचों को स्टेनलेस स्टील इक्विपमेंट में बदलने का कार्य, जिसमें शामिल है ग्रिप हैंडल और लगेज रैक के साथ ईएमयू ट्रेलर कोचों की एसएस फ्लोरिंग और ईएमयू ट्रेलर कोचों में स्टेनलेस स्टील की सीटिंग व्यवस्था, मात्रा: 100 अदद। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु.16,01,56,628/-, **बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी:** रु.9,50,800/-, **निविदा कागजात का मूल्य (टीडीसी):** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 01 (एक) वर्ष। **वेबसाइट जहाँ से निविदा कागजात उपलब्ध होगा:** निविदा कागजात का संपूर्ण सेट भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 05.09.2025 से 27.09.2025 को 11.00 बजे तक उपलब्ध होगा। **विज्ञापन अवधि:** दिनांक 05.09.2025 से 27.09.2025 को 11.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधि:** 15 (पंद्रह) दिन पूर्व से 27.09.2025 को 11.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 27.09.2025 को 11.00 बजे तक। **निविदा की वैधता:** 66 (छियासठ) दिन। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** निविदा दिनांक 27.09.2025 को 11.30 बजे और उसके बाद खोली जाएगी।
MISC-204/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**
**निविदा सूचना संख्या: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/695, दिनांक 09.09.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं: **क्रम संख्या 1, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3441, कार्य का नाम:** "एईएन/बर्द्धमान के अधिकार क्षेत्र में लिमिटेड हाइट सबवे नं.-2 और 10 मीटर में जल निकासी में सुधार सहित पंप रूम की व्यवस्था" से संबंधित विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 23,13,744/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 46,300/-, **पूर्णता अवधि:** 90 दिन। **क्रम सं. 2, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3482, कार्य का नाम:** "एबीएसएस के तहत डानकुनी में सर्कुलेटिंग और पार्किंग एरिया के विकास, पॉर्च एवं अंदरूनी कार्यों के साथ सामने के हिस्से के विकास सहित ग्राउंड फ्लोर बिल्डिंग के कार्य को पूरा करन" के लिए विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 43,32,939/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 86,700/-, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **समापन तिथि एवं समय:** दिनांक 03.10.2025 को 15.00 बजे। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।
HWH-285/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**
**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**
**ई-नीलामी सूचना सं.: सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/32, दिनांक 10.09.2025,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, हावड़ा स्टेशन के पास यात्री निवास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए स्टेशन परिसरों पर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है।
**कैटलॉग सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-32**
**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एसएचई-ओएसडी-120-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर-डिजिटल), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित क्लस्टर-2 (अनेक्सर-I में विस्तृत अनुसार सेवड़ाफुली, बैद्यबाटी, भद्रेश्वर, मानकुंडु, चंदननगर, चुचुड़ा और तारकेश्वर) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एए/2, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीडीसी-ओएसडी-121-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर-डिजिटल), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित क्लस्टर-3 (अनेक्सर-I में विस्तृत अनुसार बैण्डेल, नबद्वीपधाम और कटवा) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/1, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-जेटीएल-ओएसएन-19-25-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर-नॉन-डिजिटल), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए क्लस्टर-IV (क) झापटेर ढाल स्टेशन से गुमानी स्टेशन तक, (ख) अदलपहाड़ी स्टेशन से कुरुवा स्टेशन तक, (ग) आजिमगंज सिटी स्टेशन से ताकिपुर स्टेशन तक और (घ) चौहट्टा स्टेशन से अजय केबिन तक) स्टेशनों के स्टेशन परिसरों के अंदर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना **क्रम सं.: एबी/2, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-जेओएक्स-ओएसएन-25-22-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर-नॉन-डिजिटल), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए जनाई रोड स्टेशन के स्टेशन परिसर के अंदर वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/3, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीआरपीए-ओएसएन-27-22-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर-नॉन-डिजिटल), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए बारुईपाड़ा स्टेशन के स्टेशन परिसर के अंदर वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन के लिए अनुबंध प्रदान करना **क्रम सं.: एसी/1, लॉट सं.:एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर30-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत चलने वाली 12 कोच की ईएमयू रेक के कोचों के अंदर तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए निर्दिष्ट स्थानों पर और संपूर्ण साइड वॉल (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का अधिकार प्रदान करना। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** दिनांक 24.09.2025 को 12.00 बजे।
HWH-289/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# शिक्षक भर्ती घोटाला : पूर्व मंत्रियों समेत 21 के खिलाफ आरोप तय

## अलीपुर कोर्ट में आरोपितों के खिलाफ शुरू होगा ट्रायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में शिक्षक भर्ती घोटाले में कोलकाता स्थित अलीपुर कोर्ट में विशेष सीबीआई अदालत ने गुरुवार को राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, पूर्व मंत्री परेश चंद्र अधिकारी और उनकी बेटी अंकिता अधिकारी समेत 21 के खिलाफ आरोप तय किए गए हैं। यह पहली बार है जब शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में किसी के खिलाफ आरोप तय किए गए हैं। अलीपुर कोर्ट के न्यायाधीश बिश्वरूप सेठ की अदालत में इन 21 लोगों



के खिलाफ ट्रायल शुरू होगा। बता दें कि हाल ही में, सीबीआई ने इस घोटाले में अंतिम आरोप पत्र दाखिल किया था। कुल चार आरोप पत्र दाखिल किए गए हैं। इस दिन, परेश चंद्र अधिकारी और उनकी बेटी अंकिता अधिकारी अलीपुर कोर्ट में पेश हुए। हालांकि, पार्थ वर्चुअली पेश हुए। तीनों ने खुद को निर्दोष बताते हुए मामले से छूट के लिए आवेदन किया, लेकिन उनकी दलीलें टिक नहीं पाईं। गौरतलब है कि जुलाई, 2022 में ईडी ने पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया था। बाद में, अक्टूबर 2024 में सीबीआई ने भी इस घोटाले में पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया। सीबीआई ने अपने आरोप पत्र में उल्लेख किया है कि पार्थ चटर्जी इस घोटाले में प्रत्यक्ष तौर पर शामिल थे।

### कोर्ट से पूर्व मंत्री और उनकी बेटी ने की बरी करने की अपील

राज्य के पूर्व मंत्री और तृणमूल विधायक परेश अधिकारी तथा उनकी बेटी अंकिता अधिकारी ने गुरुवार को कर्मचारी चयन आयोग(एसएससी) नियुक्ति घोटाले के मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय से खुद को बरी करने की अपील की। उन्होंने अदालत में दावा किया कि वे इस मामले में पूरी तरह निर्दोष हैं। परेश अधिकारी और उनकी बेटी पर आरोप है कि अंकिता की राजनीतिक विज्ञान की शिक्षिका के रूप में नियुक्ति गैरकानूनी ढंग से की गई थी और इस नियुक्ति के पीछे पूर्व मंत्री का सीधा प्रभाव था। जांच के दौरान कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अंकिता की नौकरी रद्द कर दी थी और उन्हें प्राप्त वेतन लौटाने का आदेश भी दिया था। केन्द्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) ने इस मामले में दोनों से कई बार पूछताछ की है।

## कलकत्ता विश्वविद्यालय ने टीएमसीपी नेता अभिरूप चक्रवर्ती को 5 साल के लिए किया सेंसर

❑ **उपाचार्य को दी थी धमकी**

**कोलकाता :** कलकत्ता विश्वविद्यालय ने बड़ा कदम उठाते हुए तृणमूल छात्र परिषद के सामान्य सचिव अभिरूप चक्रवर्ती को 5 वर्षों के लिए सेंसर कर दिया है। उन पर विश्वविद्यालय की कार्यवाहक कुलपति (उपाचार्य) शांता दत्त को धमकी देने और अभद्र टिप्पणी करने का आरोप है।

सूत्रों के मुताबिक, छात्र संगठन की स्थापना दिवस के दिन परीक्षा रद्द न होने पर अभिरूप गुस्से में आकर कुलपति को चेतावनी दी थी कि इंच-इंच का हिसाब लिया जाएगा। इतना ही नहीं, उन्होंने सहायक अधिकारियों के खिलाफ भी तीखी टिप्पणी की थी।

इसी कारण विश्वविद्यालय प्रशासन ने निर्णय लिया है कि अभिरूप किसी भी प्रशासनिक या शैक्षणिक



गतिविधि में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। यहां तक कि उनके पीएचडी आवेदन पत्र की भी गहन जांच की जाएगी। यह फैसला विश्वविद्यालय के इतिहास में एक अभूतपूर्व कदम माना जा रहा है।

इस बीच, विश्वविद्यालय में जल्द ही नए कुलपति का कार्यभार संभालने वाला है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह निर्णय नए प्रशासन के कार्यकाल में भी जारी रहेगा।

वहीं, अभिरूप ने इस कार्रवाई पर कड़ा विरोध जताया है। उनका आरोप है, मुझे सिर्फ इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि मैं टीएमसीपी का प्रतिनिधि हूं। मेरे शिक्षा के अधिकार का हनन हो रहा है। मैं न्याय के लिए हाईकोर्ट जाऊंगा।

## कांचरापाड़ा क्षत्रिय समाज की नई कमेटी गठित

**कांचरापाड़ा :** कांचरापाड़ा क्षत्रिय समाज (रजिस्टर्ड) की नई कमेटी गठित की गई। इस बाबत समाज के व्यवस्थापक दुधेश्वर सिंह के आवास पर आयोजित बैठक में दिलीप कुमार सिंह (शिक्षक) को सर्वसम्मति से कॉन्वेनर नियुक्त किया गया। दुधेश्वर सिंह ने इसकी जानकारी दी। इस दौरान समाज की भावी योजनाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर जनक सिंह, सुरेश सिंह, रामनाथ सिंह, दिनेश सिंह, श्रीकांत सिंह, लक्ष्मण सिंह, नील रतन सिंह, मनोज कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, विजय बहादुर सिंह, रंजीत सिंह, रामप्रसाद सिंह, सुदर्शन सिंह, कपिल देव सिंह, आमोद सिंह, अरुण कुमार सिंह (शिक्षक) श्रवण सिंह, कृष्ण सिंह, जितेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह, बंटी सिंह, रामनवमी सिंह सहित अन्य सदस्य गण उपस्थित थे। बताया गया कि समाज की नई कमेटी के सभी पदाधिकारियों के नामों की घोषणा अगली बैठक में की जाएगी।

## 32 हजार शिक्षक नियुक्ति रद्द मामले में नई दलील अभ्यर्थियों ने कहा, 'एप्टीट्यूड टेस्ट के लिए 5 नंबर दिए जाएं'

**कोलकाता :** प्राथमिक शिक्षक भर्ती में कथित अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते 2023 में 32 हजार नियुक्तियां रद्द कर दी गई थीं। उस समय कोलकाता हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने यह फैसला सुनाया था। अब यह मामला डिवीजन बेंच में विचाराधीन है और इसे लेकर सुनवाई जारी है।

गुरुवार को हुई सुनवाई में नौकरी गंवाने वाले अभ्यर्थियों की ओर से एक नया प्रस्ताव सामने रखा गया। याचिकाकर्ताओं के वकील सौम्य मजुमदार ने दलील दी कि सभी 32 हजार अपात्र घोषित किए गए अभ्यर्थियों को एप्टीट्यूड टेस्ट में 5 अंक दे दिए जाएं, या फिर सबके एप्टीट्यूड टेस्ट के अंक शून्य कर दिए जाएं। इसके बाद नए सिरे से पैनल तैयार किया जाए। उनका तर्क था कि इससे नौकरी गंवाने वालों की संख्या काफी हद तक कम हो जाएगी।

इस पर न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती ने सवाल किया, लेकिन यह कैसे संभव है? जो प्रशिक्षित उम्मीदवार हैं, उनका क्या होगा? जवाब में वकील सौम्य मजुमदार ने कहा कि प्रशिक्षित उम्मीदवार वैसे ही 15 अतिरिक्त अंक पाते हैं, इसलिए उन्हें कोई नुकसान नहीं होगा।

वकील ने यह भी दावा किया कि उनके पास ऐसे दस्तावेज हैं, जिनसे साबित होता है कि कम से कम 659 लोग उससे कम अंक लाकर भी नौकरी कर रहे हैं।

अब इस मामले की अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी।

# बड़तला में महिला तस्करी रैकेट का भंडाफोड़, दंपति समेत 6 गिरफ्तार

❑ **तस्करी से पहले 9 नाबालिगों समेत 11 को बचाया गया**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस की मानव तस्करी विरोधी शाखा ने बुधवार को बड़तला थाना इलाके में एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस दौरान, नौ नाबालिकाओं समेत कुल 11 युवतियों को बचाया गया और 6 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इलाके के ही निवासी अमित बंद्योपाध्याय और उनकी पत्नी सरस्वती बंद्योपाध्याय अपने घर से देह व्यापार का अवैध धंधा चला रहे थे। छापेमारी के दौरान दोनों को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया गया। इनके अलावा, चार और संदिग्धों को पकड़ा गया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है। आरोपियों के नाम सुमन हालदार (दक्षिण 24 परगना निवासी), दीप



चट्टोपाध्याय, आकाश चौधरी और पूजा मिस्त्री (तीनों उत्तर 24 परगना निवासी) के रूप में हुई है। आरोपितों की उम्र 22 से 34 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके के एक घर में बालिकाओं और युवतियों से देह व्यापार कराया जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर छापेमारी कर पीड़िताओं को मुक्त कराया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपितों से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल है।

## हावड़ा डिवीजन ने ईएमयू कार शेड में सतर्कता जागरूकता सेमिनार किया आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 की तैयारियों और तीन महीने के अभियान के तहत 10 सितंबर को हावड़ा ईएमयू कार शेड में सतर्कता जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार में शेड के सुपरवाइजर्स ने सक्रिय भागीदारी की। प्रतिभागियों को इस वर्ष की थीम सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी के महत्व के बारे में संवेदनशील किया गया। सत्र में सतर्कता से जुड़े प्रमुख पहलुओं, जैसे निवारक सतर्कता के क्षेत्र और संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। इस सेमिनार का समापन सभी स्तरों पर पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी बनाए रखने में सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर जोर देकर किया गया। इस पहल से पूर्व रेलवे की नैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देने और सतर्कता संस्कृति को मजबूत करने की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है।

## पियरसन बना सेल्सफोर्स सर्टिफिकेशन परीक्षाओं का एकमात्र प्रदाता

**कोलकाता :** पियरसन एवं उसकी इकाई पियरसन व्यू ने सेल्सफोर्स के साथ बहुवर्षीय रणनीतिक सहयोग किया है। इसके तहत पियरसन अब विश्व स्तर पर सेल्सफोर्स प्रमाणन परीक्षाओं का एकमात्र प्रदाता बनेगा। कम्प्यूटर-आधारित परीक्षा समाधान में अग्रणी पियरसन व्यू इस साझेदारी के माध्यम से प्रोफेशनल्स को नए कौशल, प्रमाणित दक्षता और करियर में उन्नति के अवसर उपलब्ध कराएगा।

सहयोग के तहत एकीकृत रजिस्ट्रेशन और परीक्षा प्रणाली, 80 से अधिक परीक्षाओं का विस्तृत कैटलॉग तथा तीन तरह के लचीले परीक्षा विकल्प (ऑनलाइन प्रॉक्टोरिंग, टेस्ट सेंटर और ऑन-साइट टेस्टिंग) उपलब्ध रहेंगे। पियरसन की 2025 की आईटी प्रमाणन रिपोर्ट के अनुसार 70% से अधिक प्रमाणित प्रोफेशनल्स ने प्रमाणन के बाद कार्यकुशलता व नवाचार में वृद्धि दर्ज की। सेल्सफोर्स के लिए यह प्रमाणपत्र प्लेटफॉर्म के नवीनतम एआई आधारित फीचर और सीआरएम क्षमताओं का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करते हैं। पियरसन ने कहा कि यह समझौता उद्यम शिक्षा और कौशल विकास की दिशा में उनकी प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा।

## कोलकाता मेट्रो रेलवे में सुधार के लिए हर घटना का गहन विश्लेषण जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो रेलवे में हाल की घटनाओं को लेकर उठ रहे सवालों के बीच रेलवे बोर्ड के सदस्य (संचालन एवं व्यवसाय विकास) हितेंद्र मल्होत्रा ने आश्वस्त किया है कि मेट्रो रेलवे प्रत्येक घटना का गहन विश्लेषण कर रही है और सुधारात्मक कदम उठा रही है। श्री मल्होत्रा ने यह जानकारी कोलकाता में चेंबर ऑफ कॉमर्स और इंडस्ट्री के सदस्यों के साथ आयोजित बैठक के दौरान दी। उन्होंने बताया कि मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक वरिष्ठ अधिकारियों की टीम के साथ विस्तार से चर्चा कर रहे हैं और प्रत्येक समस्या के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रयास यह सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे हैं कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न्यूनतम हों और यात्रियों के लिए मेट्रो संचालन अधिक सुरक्षित और सुचारू बने।

## करिम्स एंटाली ने लॉन्च किया हेरिटेज मेनू, लौटाई पुराने कलकत्ते की मुगलई पहचान

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के मशहूर करिम्स एंटाली रेस्टोरेंट ने अपना नया हेरिटेज मेनू लॉन्च किया। इस मेनू का उद्देश्य पुराने कलकत्ता के खोए हुए मुगलई जायकों को फिर से जीवंत करना है। इस मौके पर अभिनेत्री दर्शना बनिक और विधायक देबाशीष कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने बिरयानी का स्वाद चखते हुए कहा कि यह न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि शहर की पुरानी खानपान संस्कृति की खूबसूरत याद दिलाता है। दिल्ली में 1913 में हाजी करिम उद्दीन द्वारा शुरू हुई करिम्स की विरासत को एंटाली शाखा पिछले सात वर्षों से आगे बढ़ा रही है। नए मेनू में क्लासिक मटन बिरयानी, चितपुर स्टाइल मटन चाप और मटन कस्सा विशेष आकर्षण हैं।

करिम्स एंटाली के को-फ्रैंचाइज़ी ओनर एवं स्ट्रेटजी पार्टनर मोहम्मद औरंगजेब ने कहा, हमारा खाना ज्यादा मसालों पर नहीं, बल्कि हर सामग्री की असली पहचान और क्वालिटी पर आधारित है। वहीं करिम्स एंटाली के को-फ्रैंचाइजी ओनर एवं ऑपरेशन्स पार्टनर इकबाल आलम ने जोड़ा, हमने पुराने और रिटायर्ड बावर्चियों को बुलाकर अपनी रसोई को मार्गदर्शन देना सबसे संतोषजनक कदम माना है। इसके साथ ही रेस्टोरेंट ने 120 मेहमानों की क्षमता वाला नया पार्टी एरिया भी शुरू किया है, जिसके पैकेज 999 रुपये प्रति व्यक्ति से उपलब्ध होंगे।

## मजबूत सुरक्षा मानकों से कार्यस्थल पर लैंगिक समावेशिता और औद्योगिक कल्याण संभव : श्रम सचिव

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के श्रम सचिव अवनींद्र सिंह ने कहा कि कार्यस्थलों पर मजबूत सुरक्षा मानकों का पालन करना लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत आवश्यक है। वह सीआईआई ईस्टर्न रीजन द्वारा आयोजित 19वें सेफ्टी संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी में बोल रहे थे। श्री सिंह ने कर्मचारियों की भलाई के लिए तनाव प्रबंधन और माइंडफुलनेस को भी अहम बताया। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि एक उद्योग का हानिकारक उप-उत्पाद दूसरे क्षेत्र में उपयोगी हो सकता है, जैसे बेसाल्ट सॉल्ट चाय उद्योग में मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने में मदद करता है। उन्होंने बताया कि श्रम,



अग्निशमन और पर्यावरण विभाग राज्य में औद्योगिक हादसों को रोकने के लिए समन्वय कर रहे हैं।

दो दिवसीय संगोष्ठी का विषय इनोवेट एचएसई – एलीवेट वेलनेस रखा गया। इसमें ओएचएस की अच्छी प्रथाओं पर संकलन जारी हुआ और टाटा स्टील, आईटीसी, हिंदाल्को व एनटीपीसी जैसी कंपनियों ने भागीदारी की। इंडियनऑयल पेट्रोनास के सीईओ पंकज कुमार ने कहा कि सुरक्षा में निवेश संगठन को कई लाभ देता है।

## कॉर्टेवा एग्रीसाइंस ने नई पीढ़ी का फसल सुरक्षा समाधान 'ज़ोरवेक एंटेक्टाएँ' लॉन्च किया

**कोलकाता :** कॉर्टेवा एग्रीसाइंस ने ज़ोरवेक एंटेक्टाएँ का अनावरण किया है, जो भारत में अंगूर और आलू दोनों की खेती में क्राँति लाने वाला नया फफूंदनाशक है। विश्व स्तर पर सफल ज़ोरवेकएँ तकनीक पर आधारित यह उन्नत समाधान, किसानों को अंगूर में डाउनी मिल्ड्यू (प्लास्मोपारा विटिकोला) और आलू में लेट ब्लाइट (फाइटोफ्थोरा इन्फेस्टन्स) जैसी विनाशकारी बीमारियों से सशक्त सुरक्षा प्रदान करता है। इसका परिणाम स्वस्थ फसलें, उच्च उपज और बेहतर गुणवत्ता वाली पैदावार के रूप में सामने आता है। ज़ोरवेक एंटेक्टाएँ उन्नत रसायन विज्ञान और दमदार प्रदर्शन का एक बेजोड़ संयोजन प्रस्तुत करता है। इसके सक्रिय तत्व ओमाइसेट्स पौधों की बीमारियों के खिलाफ मजबूत और विश्वसनीय नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं।

## कवि सुभाष स्टेशन अस्थायी बंद, यात्रियों से मेट्रो संचालन में सहयोग की अपील

**कोलकाता, समाज्ञा :** कवि सुभाष स्टेशन के अस्थायी बंद होने के बाद, ब्लू लाइन पर अब सेवाएं केवल दक्षिणेश्वर से शहीद खुदीराम स्टेशन तक संचालित की जा रही हैं। परिचालन संबंधी कारणों से सभी ट्रेनें शहीद खुदीराम तक नहीं जा पा रही हैं। इस स्थिति में, 272 सेवाओं में से 32 को महानायक उत्तम कुमार स्टेशन से दक्षिणेश्वर की ओर लौटाया जा रहा है ताकि पीक घंटों में दो ट्रेनों के बीच 5 मिनट और नॉन-पीक घंटों में 7 मिनट का अंतर सुनिश्चित किया जा सके। यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे महानायक उत्तम कुमार स्टेशन पर ट्रेन खाली करने में सहयोग करें, अन्यथा परिचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

मेट्रो रेलवे ने कहा कि वे परिसंपत्तियों की विफलता को कम करने और महानायक उत्तम कुमार शेड के पुनरुद्धार, शहीद खुदीराम में रेक रिवर्सल सुविधा और कवि



सुभाष स्टेशन की बहाली के लिए योजना की समीक्षा कर रहे हैं। सभी घटनाओं का गहन विश्लेषण किया जा रहा है और सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। नई दिल्ली से रेल बोर्ड के सदस्य (संचालन एवं व्यवसाय विकास) हितेंद्र मल्होत्रा ने कोलकाता का दौरा करते हुए कवि सुभाष, शहीद खुदीराम, महानायक उत्तम कुमार और एस्प्लानेड मेट्रो स्टेशनों का निरीक्षण किया। उन्होंने भीड़ प्रबंधन और मेट्रो नेटवर्क विस्तार के बाद यात्रियों की संख्या में वृद्धि के मद्देनज़र सुधारात्मक कार्ययोजना की समीक्षा की।

# 'कोर्ट चल रहा पेपरलेस! हेल्थ सेंटर भी नहीं'

## हाईकोर्ट की फटकार, मुख्य सचिव को 7 दिन का अल्टीमेटम

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के जेल और निचली अदालतों के ढांचे में सुधार के लिए फंड जारी न होने पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने गुरुवार को राज्य प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई। मुख्य सचिव को वर्चुअल सुनवाई में पेश होना पड़ा, जहां जस्टिस देवांशु बसाक की डिविजन बेंच ने सीधे सवाल दागे-

सीसीटीवी लगाने के लिए 17.41 करोड़ रुपये की ज़रूरत थी, आदेश दिसंबर में ही दिया गया था। इतने दिन बीत गए, अब तक पैसे क्यों नहीं मिले?

मुख्य सचिव ने दलील दी- आज ही 10 करोड़ रुपये जारी कर रहे हैं, बाकी बाद में इस पर अदालत ने तीखा सवाल किया- दिसंबर में आदेश गया था, अब तक अमल क्यों नहीं हुआ?

**बेंच ने और भी गंभीर टिप्पणियां कीं:**



❑ अंतिम बार मुख्य न्यायाधीश से कब मिले थे?

❑ क्या जानते हैं हाईकोर्ट में कार्ट्रिज नहीं है?

❑ क्या जानते हैं कि कोर्ट पेपरलेस चल रहा है?

❑ कानून कहता है कि अदालत चलाने का खर्च राज्य को देना चाहिए, यहां क्या हो रहा है?

जस्टिस ने नाराज़गी जताते हुए कहा- जिला अदालतें और हाईकोर्ट-हर जगह परियोजनाएं अटकी हुई हैं। सीसीटीवी का ऑर्डर भी दिसंबर से लटका है। यह स्थिति बर्दाश्त नहीं की जा सकती।

कानून विभाग के वकीलों ने भी शिकायत की कि 55 परियोजनाएं लंबित हैं, जिनमें कई भवन निर्माण और स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना शामिल है। इस पर न्यायाधीश ने व्यंग्य किया-

इस हालत में कोई बीमार न हो जाए, क्योंकि हेल्थ सेंटर तो है ही नहीं!

अदालत ने सख्त आदेश दिया कि पुराने सभी फाइलें तुरंत वापस भेजी जाएं, ज्यूडिशियल सेक्रेटरी से हाईकोर्ट और निचली अदालतों की ज़रूरतों की पूरी सूची ली जाए, और मुख्य सचिव को 17 सितंबर दोपहर 3 बजे तक अदालत में रिपोर्ट पेश करनी होगी, जिसमें सभी आंकड़े, प्रगति और फंड आवंटन का ब्यौरा होगा।

बेंच ने साफ कहा- अब बहाने नहीं, हमें काम चाहिए। अदालत का जो हक है, अदालत को मिलना ही चाहिए।

## आसनसोल डिवीजन ने कैटरिंग वेंडर्स के लिए ऑरेंज टैग वाले क्यूआर-कोड आईडी कार्ड किए लागू

**आसनसोल :** पूर्व रेलवे के आसनसोल डिवीजन ने रेलवे बोर्ड के निर्देशों के अनुसार सभी लाइसेंसी कैटरिंग वेंडर्स के लिए ऑरेंज टैग वाले क्यूआर-कोड आधारित पहचान पत्र जारी करना शुरू कर दिया है। इस पहल का उद्देश्य अवैध बिक्री को रोकना, उचित स्वच्छता सुनिश्चित करना और यात्रियों को स्टेशन और ट्रेन में सुरक्षित व भरोसेमंद कैटरिंग सेवाएं प्रदान करना है। प्रत्येक वेंडर आईडी कार्ड में एक अनूठा क्यूआर कोड होता है, जिसे स्कैन करके वेंडर का नाम, लाइसेंस धारक, आधार संख्या, पुलिस सत्यापन स्थिति और मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र



तुरंत सत्यापित किया जा सकता है। केवल वही, वेंडर यात्रियों को सेवा प्रदान कर सकते हैं, जिन्होंने पुलिस सत्यापन और मेडिकल फिटनेस टेस्ट पास किए हों। वेंडर्स को ड्यूटी के दौरान यह क्यूआर-कोड आईडी कार्ड ऑरेंज टैग के साथ स्पष्ट रूप से दिखाना अनिवार्य है। रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि वे केवल ऑरेंज टैग वाले आधिकारिक क्यूआर-कोड आईडी कार्ड प्रदर्शित करने वाले वेंडर्स से ही खाद्य और अन्य सामान खरीदें और किसी भी अवैध वेंडिंग की सूचना रेलवे को दें। इस पहल से कैटरिंग सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने, स्वच्छता बनाए रखने और यात्रियों के लिए सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने की उम्मीद है।

## पैनल रद्द होने के बाद 38 योग्य शिक्षक फिर लौटेंगे प्राथमिक स्कूलों में

**पूर्व मेदिनीपुर :** शिक्षक भर्ती पैनल रद्द होने के बाद अब फिर से योग्य शिक्षकों के प्राथमिक विद्यालयों में लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। पूर्व मेदिनीपुर जिले के 38 योग्य शिक्षक-शिक्षिकाओं को पुनः प्राथमिक स्कूलों में नियुक्त करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। दरअसल, ये सभी शिक्षक 2016 से पहले प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत थे। इसके बाद, 2016 की एसएससी परीक्षा में उत्तीर्ण होकर माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों में नौकरी पाने का अवसर मिला, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पैनल रद्द कर दिया गया, जिससे इनकी उच्च विद्यालय की नौकरी चली गई। इस स्थिति में प्रभावित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने पुराने कार्यस्थल प्राथमिक



विद्यालय में लौटने की इच्छा जताई थी। उनकी अर्जी पर राज्य स्कूल शिक्षा विभाग ने पूर्व मेदिनीपुर जिला प्राथमिक विद्यालय संसद के अध्यक्ष को पुनर्बहाली की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। सूत्रों के अनुसार, एक सप्ताह के भीतर सभी 38 शिक्षक-शिक्षिकाओं को पुनर्नियुक्ति पत्र सौंप दिए जाएंगे।

# दुर्गा पूजा की खरीदारी में सुस्ती, ग्राहकों को है जीएसटी दर कटौती का इंतजार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा का त्योहार करीब आ रहा है, लेकिन कोलकाता की दुकानों में खरीदारों की भीड़ नहीं दिख रही। रिटेल मार्केट में सुस्ती छा गई है क्योंकि ग्राहक 22 सितंबर से लागू होने वाली नई जीएसटी दरों का इंतजार कर रहे हैं। ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और परिधान की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई है। ऑटो डीलरों के अनुसार, ग्राहक अपनी पसंदीदा कार बुक कर रहे हैं, लेकिन बिलिंग और डिलीवरी नई दरों के बाद कराने का इंतजार कर रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों में वॉशिंग मशीन और एलईडी टीवी की बिक्री में 30% तक कमी आई है। परिधान विक्रेताओं ने भी बिक्री में सुस्ती की सूचना दी। अभिषेक जैन,



सेल्स एम्पोरियम के इलेक्ट्रॉनिक डिविजन निदेशक, ने कहा, ग्राहक स्टोर पर आ रहे हैं लेकिन खरीदारी नहीं कर रहे। हमें 22 सितंबर के बाद बिक्री में उछाल की उम्मीद है।

जीएसटी काउंसिल ने 3 सितंबर को परिधान पर कर को 12% से घटाकर 5% और छोटे कारों, एसी, वॉशिंग मशीन और एलईडी टीवी पर 28% से घटाकर 18% किया था। इससे 22 सितंबर से कारों की कीमतों में 35,000 रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक की कमी आएगी।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) ने डीलरों से कहा है कि बिलिंग और डिलीवरी के उछाल को संभालने के लिए वे तैयार रहें। राज्य एफएडीए के चेयरपर्सन रोहित चौधरी ने बताया, अंतिम 4-5 दिनों में कई बुकिंग हुई हैं, लेकिन ग्राहक नई जीएसटी दर के लाभ के लिए डिलीवरी और बिलिंग 22 सितंबर के बाद चाहते हैं।

वहीं, वेस्ट बंगाल ट्रेड एसोसिएशन्स के अध्यक्ष सुशील पोद्दार ने कहा कि रोजमर्रा की आवश्यकताओं को छोड़कर सभी उत्पादों की बिक्री धीमी हो गई है। ग्रेट ईस्टर्न रिटेल के निदेशक पुलकित बैद ने बताया कि उपकरणों की बिक्री में 30% की कमी आई है। वी-मार्ट के कपड़ा विक्रेता ललित अग्रवाल ने कहा कि यह मंदी का दौर अगले 10-12 दिन तक जारी रह सकता है, इसके बाद बाजार में तेजी आएगी।

## आरपीएफ ने यात्रियों के सामान चोरी करने वाले अपराधी को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन की आरपीएफ ने मिशन यात्री सुरक्षा अभियान के तहत एक कुख्यात यात्रियों के सामानों की चोरी के अपराधी को गिरफ्तार किया है। 10 सितंबर को स्थानीय लोगों से मिली सूचना के आधार पर, लक्ष्मीकांतपुर आरपीएफ और जीआरपीएस/लक्ष्मीकांतपुर के समन्वय में आरोपी को कुलपी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई के दौरान, लगभग 12 ग्राम वजन के सोने के आभूषण को बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 1,20,000 आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी को जीआरपीएस/बारुईपुर के हवाले किया गया, जहां रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूर्व रेलवे



यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी यात्रियों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए आरपीएफ व जीआरपी अधिकारियों के साथ सहयोग करें।

# स्कूल जाने के रास्ते की दुर्दशा, छात्र-छात्राओं संग शिक्षक पहुंचे पाड़ा समाधान शिविर में



**हुगली :** जिले के गोगाट 1 ब्लॉक के अंतर्गत काठाली हाई स्कूल में अनोखा नजारा देखने को मिला। स्कूल के छात्र-छात्राएं और शिक्षक मिलकर सीधे पाड़ा समाधान शिविर में पहुंच गए। हाथों में पोस्टर – 'रास्ता चाहिए, रास्ता चाहिए' – लेकर बच्चों ने जब जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी, तो उपस्थित अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि हक्के-बक्के रह गए।

दरअसल, काठाली हाई स्कूल तक पहुंचने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की पक्की सड़क से लगभग 200 मीटर लंबा एक कच्चा और बेहद संकरा रास्ता है। बरसात के मौसम में यह रास्ता इतना फिसलन भरा हो जाता है कि विद्यार्थियों और शिक्षकों को मजबूरीवश लगभग 2 किलोमीटर घुमावदार रास्ते से स्कूल पहुंचना पड़ता है। यही नहीं, हर साल जब यहां उच्च माध्यमिक परीक्षा केंद्र होता है, तब भी परीक्षार्थियों और पुलिस को भारी कठिनाई झेलनी पड़ती है।

विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाध्यापक अमलेश कुमार लायक ने बताया कि हमने इस रास्ते के लिए हर सरकारी दफ्तर का दरवाजा खटखटाया, कई बार लिखित आवेदन भी दिया। लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। आखिरकार बच्चों के आग्रह पर हम पाड़ा समाधान शिविर आए। लेकिन अधिकारियों ने साफ कह दिया कि यह उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है।

अभिभावकों ने भी सवाल खड़े किए। स्थानीय निवासी सुमन दे और सुधेब कुंडु ने कहा कि सरकार करोड़ों रुपये खर्च करती है, मगर स्कूल जाने के लिए महज 200 मीटर सड़क बनाने की ताकत नहीं रखती। अगर इतनी छोटी समस्या हल नहीं कर सकते, तो पाड़ा समाधान शिविर का क्या मतलब? आठवीं कक्षा की छात्रा कृष्णा कुंडु और उसके साथी दुस्तु रूइदास, आकाश अली ने प्रशासन से एक ही गुहार लगाई कि हमारा रास्ता जल्द बनाइए।

इस पूरे प्रकरण पर विपक्ष ने भी सत्ताधारी दल को घेरा। गोगाट की बीजेपी नेत्री ने तंज कसा कि इस सरकार का कोई भी विभाग ठीक से काम नहीं कर रहा। कटमनी खाते-खाते सबकुछ चौपट हो गया है। अब पाड़ा समाधान में जाने से भी कुछ नहीं होगा। बच्चे भी आखिरकार खाली हाथ ही लौटे।

वहीं, गोगाट 1 नंबर ब्लॉक के बीडीओ सम्राट बागची ने कहा कि यह जिला परिषद का रास्ता है। करीब 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। शेष हिस्से पर किसी ज़मीन विवाद को लेकर मामला अदालत में है। केस खत्म होते ही काम पूरा कर दिया जाएगा।

हुगली जिला परिषद के शिक्षा कर्माध्यक्ष व मेंटर सुबीर मुखर्जी ने कहा कि पाड़ा समाधान शिविर में हर कोई आवेदन कर सकता है। शिकायत दर्ज भी की जाती है। यदि काम संभव हुआ तो उसे इसी माध्यम से निपटाया जाएगा। अन्यथा, संबंधित विभाग को यह कार्य करना होगा। काठाली स्कूल की सड़क क्यों अधूरी है, इसकी जानकारी ली जा रही है।

## मानहानि मामले में कुणाल घोष के खिलाफ सबूत पेश करने में नाकाम रहे अभया के पिता

**कोलकाता, समाज्ञा**

तृणमूल कांग्रेस के राज्य महासचिव कुणाल घोष द्वारा दायर मानहानि मामले में गुरुवार को बैंकशाल अदालत में सुनवाई हुई। हालांकि, लगाए गए आरोप को लेकर अभया के पिता कोई ठोस सबूत पेश नहीं कर सके। उनके वकील फिरोज एडुलजी ने अदालत से संबंधित बयान की जानकारी के लिए पेनड्राइव की मांग की, जिससे कार्यवाही स्थगित हो गई। मामले की अगली सुनवाई 19 नवंबर को होगी। कुणाल घोष ने इस स्थिति पर तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा कि अभियोग लगाने वाले अब सबूत देने से पीछे हट रहे हैं। यह तो स्पष्ट रूप से 'उनकी मंशा पर पानी फिरना' है। सड़क पर बयान दिए जाते हैं, पत्रकारों को बुलाकर आरोप लगाए जाते हैं, लेकिन अदालत में आकर कहा जाता है कि पेनड्राइव दें ताकि पता चल सके क्या कहा गया था। यह सिर्फ समय नष्ट करने की कोशिश है। उन्होंने आगे कहा कि जिन आरोपों को साबित नहीं किया जा सकता, उन्हें सार्वजनिक रूप से कहने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि कोर्ट में सबूत नहीं पेश कर पाए, इसका मतलब आरोप झूठे थे। मैं इस मामले को कानून की अंतिम सीमा तक ले जाऊंगा। गौरतलब है कि अभया के पिता ने आरोप लगाया था कि राज्य सरकार और सीबीआई की मिलीभगत से जांच प्रभावित हुई तथा कुणाल घोष ने सीजीओ कॉम्प्लेक्स जाकर मध्यस्थता की। इन 'विवादित' बयानों को लेकर ही घोष ने उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है।

## सकल जैन समाज की तैयारी जोश से भरी, 21 सितंबर को क्षमोत्सव में जुटेगा पूरा परिवार

**कोलकाता, समाज्ञा**



नेताजी इंडोर स्टेडियम में आगामी 21 सितंबर को आयोजित होने वाले सामूहिक क्षमायाचना पर्व (क्षमोत्सव) की तैयारियों को लेकर बुधवार को भवानीपुर स्थित एस.बी. सोशल वेलफेयर फाउंडेशन हॉल में एक विशेष बैठक हुई। यह आयोजन सकल जैन दिगंबर समाज की ओर से किया जा रहा है। सामूहिक क्षमायाचना का कार्यक्रम सुबह 9:30 बजे आरंभ होगा। बैठक में जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) कोलकाता के अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन ने समाज के लोगों से परिवार सहित उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल जैन समाज की एकता को मजबूत करेगा, बल्कि आपसी सद्भाव और भाईचारे का संदेश भी देगा। इस अवसर पर संयोजक दिनेश गंगवाल, प्रदीप पटवा , बुधमल लुनिया और चंद्रेश मेघाणी सहित कई पदाधिकारियों ने विचार रखे। इस बैठक में जीतो वाइस चेयरमैन राजू जैन, जीतो के महिला विंग की अध्यक्ष सुनीता सेठिया, सुरेश गोयल, रूपचंद सावनसुखा, सेक्रेटरी सुमित कोठारी, ऋषभ नाहटा, उपाध्यक्ष निर्मल बिंदायका, जिनबाराम सचिव संजय ज्योति काला, अमित पाटनी, जिनबाराम अध्यक्ष सुनील पहाड़िया, तेरापंथ के अजय बंसल, महावीर जैन, अमिताभ दासानी, अशोक संचेती, विनोद कामदार, जैन महासभा के महामंत्री राजकुमार सेठी, कोलकाता नगर निगम के एमआईसी असीम बोस भी उपस्थित थे। सकल जैन समाज कार्यक्रम की सफलता को लेकर बेहद उत्साहित और सक्रिय है। यह जानकारी दिनेश कुमार जैन (गंगवाल) द्वारा दी गई है।

## अलीपुर चिड़ियाघर में 24 घंटे के भीतर दो बाघिन की मौत, जांच समिति गठित

❑ **मौत का सही कारण जानने के लिए बाघिनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज गया**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के अलीपुर चिड़ियाघर में 24 घंटे के भीतर दो बाघिनों की मौत से हड़कंप मच गया है। चिड़ियाघर प्रशासन ने दोनों की मौत का कारण उम्र संबंधी बीमारियां बताया है। मंगलवार को 17 वर्षीय बाघिन पायल की मौत हुई, जिसे वर्ष 2016 में ओडिशा के नंदनकानन जूलॉजिकल पार्क से लाया गया था। इसके अगले ही दिन बुधवार को 21 वर्षीय सफेद (एल्बिनो) बाघिन रूपा ने भी दम तोड़ दिया। रूपा का जन्म अलीपुर चिड़ियाघर में ही हुआ था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों बाघिनें लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं और लगातार पशु चिकित्सकों की निगरानी में थीं। मौत के बाद दोनों के शवों का पोस्टमॉर्टम और विसरा परीक्षण कराया गया है। मुख्य वन्यजीव संरक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक जांच समिति गठित कर दी है, जो इन लगातार हुई मौतों के कारणों की विस्तृत पड़ताल करेगी। हालांकि, चिड़ियाघर प्रबंधन से जुड़े एक अन्य अधिकारी ने बताया कि दो दिनों में दो बाघिनों की मौत निश्चित तौर पर संदिग्ध है। हो सकता है उम्र जनित कारणों से मौत हुई हो लेकिन जांच के बाद स्थित स्पष्ट हो पाएगी।

## कोलकाता में नेपाली वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा बढ़ाई गई

❑ **दूतावास अधिकारियों ने परिजनों से बात कर राहत की सांस ली**



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में नेपाल के महावाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने गुरुवार को उस समय राहत की सांस ली, जब सरकारी विरोधी हिंसक प्रदर्शनों से प्रभावित उनके देश में संचार लाइनें फिर से खोल दी गईं और इंटरनेट तथा सोशल नेटवर्किंग साइटों पर लगाया गया प्रतिबंध हटा लिया गया है, जिससे उन्हें अपने परिजनों से फिर से संपर्क करने में मदद मिली। कोलकाता के अलीपुर क्षेत्र में नेशनल लाइब्रेरी एवेन्यू स्थित महावाणिज्य दूतावास कार्यालय में तैनात सात नेपाली अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि उनके देश में हालात अगले कुछ दिनों में सामान्य हो जाएंगे। नेपाली महावाणिज्य दूतावास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नेपाल में अपने परिवार के सदस्यों से बात करके हमें बड़ी राहत मिली है। वे सभी सुरक्षित हैं। प्रदर्शनकारियों ने केवल भ्रष्ट नेताओं को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि हम जबरदस्त तनाव में थे; संचार लाइनें बंद होने के कारण हम अपने परिजनों से संपर्क नहीं कर पा रहे थे। अब जबकि हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं, तो हम उनसे बात कर सकते हैं या उन्हें मैसेज भेज सकते हैं। एक अन्य नेपाली अधिकारी ने उम्मीद जताई कि उनके देश में जल्द एक स्थिर सरकार बनेगी। अधिकारी ने कहा कि पिछले 24 घंटों में हालात काफी बेहतर हुए हैं। हमें उम्मीद है कि जल्द ही एक अंतरिम सरकार बनेगी। उम्मीद है कि बाद में एक मजबूत स्थाई सरकार का गठन होगा।

## बार-बार के आग्रह के बावजूद नहीं हटाया कूड़ा

❑ **रिसड़ा नगरपालिका ने मैत्री पथ से हटाया कचरा**



**हुगली :** लंबे समय से कूड़े और दुर्गंध से परेशान लोगों को आखिरकार राहत मिली। रिसड़ा नगरपालिका ने शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए मैत्री पथ इलाके में विशेष कूड़ा-मुक्ति अभियान चलाया।

इस दौरान नगरपालिका का बुलडोजर पुलिस बल की मौजूदगी में इलाके में पहुंचा और सड़क किनारे फैला कचरा हटाया गया। साथ ही नगरपालिका की ओर से दीवारों पर पोस्टर चिपकाकर लोगों को चेतावनी दी गई कि सड़क किनारे कचरा फेंकना दंडनीय अपराध है और पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इलाके में बड़ी संख्या में लोग कचरे का कारोबार करते हैं। वे कूड़े को बोरियों में भरकर सड़क किनारे जमा कर लेते हैं और धीरे-धीरे उस जगह पर अवैध कब्जा जमा लेते हैं। नगरपालिका की ओर से कई बार ऐसे व्यवसायियों से कचरा हटाने का अनुरोध किया गया, लेकिन कोई असर न होने पर अंततः नगरपालिका ने खुद कार्रवाई करते हुए कचरा हटवाने का निर्णय लिया।

नगरपालिका सूत्रों के मुताबिक, दुर्गा पूजा से पहले मैत्री पथ इलाके को पूरी तरह स्वच्छ करने की योजना बनाई गई है।

## भारतीय रेलवे ने माल ढुलाई और ढांचे में उल्लेखनीय प्रगति की है : हितेंद्र मल्होत्रा




**कोलकाता, समाज्ञा :** मर्चेंट्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एमसीसीआई) की ओर से गुरुवार को होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट: चुनौतियां और अवसर विषय पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इसमें रेलवे बोर्ड के सदस्य (ऑपरेशंस एंड बिजनेस डेवलपमेंट) हितेंद्र मल्होत्रा ने भारतीय रेलवे की प्रगति, भावी योजनाओं और चुनौतियों पर विस्तृत जानकारी दी। मल्होत्रा ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय रेलवे ने 1,617 मिलियन टन माल ढुलाई का रिकॉर्ड बनाया। इस दौरान 41,929 वैगन खरीदे गए, जबकि अगले दो वर्षों में 75,000 नए वैगन शामिल किए जाएंगे। निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए रेलवे ने विभिन्न योजनाएं भी शुरू की हैं। उन्होंने कहा कि भारत में 400 कंटेनर रेल टर्मिनल हैं और कंटेनरीकरण का स्तर 30% है, जबकि विकसित देशों में यह 65% तक है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में 34,428 किलोमीटर नई लाइन जोड़ी गई, जिनमें से अकेले 2024-25 में 3,248 किलोमीटर का विस्तार हुआ। रेलवे की रणनीति है कि 2031 तक माल ढुलाई का हिस्सा 35% और 2047 तक 45% तक किया जाए। 11.16 लाख करोड़ रुपये के निवेश से आर्थिक गलियारों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे सालाना 1.80 लाख करोड़ रुपये तक की लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि रेलवे को उम्रदराज ढांचे, क्षमता की कमी, भूमि अधिग्रहण में देरी और फर्स्ट व लास्ट माइल कनेक्टिविटी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सुरक्षा और क्षमता सुधार के लिए कवच नामक आधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली लागू की जा रही है। कार्यक्रम में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे।

नियो मेटालिक्स लिमिटेड के निदेशक रवि अग्रवाल ने वैगन की कमी और जाम की समस्या पर चिंता जताई। तितागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक उमेश चौधरी ने कहा कि यदि रेलवे का बाजार हिस्सा 26-27% तक बढ़े तो लॉजिस्टिक्स लागत 14% से घटकर 9% हो जाएगी। एमसीसीआई अध्यक्ष अमित सरावगी ने भारतीय रेलवे को राष्ट्र की जीवनरेखा बताते हुए कहा कि यह 7,300 स्टेशनों और 69,800 किलोमीटर रूट पर हर साल लगभग 7 अरब यात्रियों और 1.6 अरब टन माल को जोड़ती है। उन्होंने बताया कि 2025-26 के लिए रेलवे को 2.52 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। कार्यक्रम का समापन एमसीसीआई के लॉजिस्टिक्स, ट्रांसपोर्ट और शिपिंग काउंसिल के चेयरमैन लवेश पोद्दार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## पुलिस की संवेदनशील पहल, खोया हुआ मासूम मां की गोद में लौटा



**हुगली :** जिले के हरिपाल थाना क्षेत्र में एक हृदयस्पर्शी घटना सामने आई। पुलिस को गजार मोड़ के पास एक छह वर्षीय बच्चा लावारिस हालत में भटकता हुआ मिला। मासूम अपनी नादानी के कारण न तो अपना नाम बता पा रहा था और न ही घर का पता। थाना प्रभारी और पुलिसकर्मी तत्काल बच्चे को थाने ले आए। इसके बाद पुलिस ने मानवीय पहल दिखाते हुए विभिन्न ग्रुपों और माध्यमों से बच्चे के परिवार की तलाश शुरू की। काफी प्रयास के बाद बच्चे की पहचान हो सकी। बच्चे की मां टुम्पा बेड़े, पिता कालो बेड़े हरिपाल थाने पहुंचे और सभी प्रमाण प्रस्तुत कर अपने पुत्र सुहान की पहचान की। नियमित प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस ने मासूम को मां की गोद में सौंप दिया। बेटे को पाकर मां की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। इस भावुक दृश्य को देखकर उपस्थित सभी लोग गदगद हो उठे। स्थानीय लोगों ने हरिपाल पुलिस की इस संवेदनशील और मानवीय पहल की सराहना की।

## नोटबंदी के दौरान हुए घोटाले में सीबीआई ने भगोड़े को कोलकाता से किया गिरफ्तार

❑ **सरकार को 11.79 करोड़ रुपये से अधिक का हुआ था नुकसान**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीबीआई ने नोटबंदी के दौरान हुए 11.79 करोड़ रुपये के घोटाले में आठ साल से फरार एक भगोड़े को कोलकाता से उन्नत तकनीकी उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि बिरंची नारायण दास फर्जी बैंक खातों के जरिए विमुद्रीकृत मुद्रा के धोखाधड़ी वाले लेनदेन में शामिल था, जिससे सरकार को 11.79 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। सीबीआई ने एक जनवरी, 2017 को प्राथमिकी दर्ज की और जांच से पता चला कि बिरंची नारायण अपराध को अंजाम देने के लिए एक फर्जी पहचान के तहत बैंक खाते का इस्तेमाल कर रहा था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने दिसंबर 2019 में उसके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था, लेकिन वह लगातार मुकदमे, बार-बार समन और गैर-जमानती वारंट से बचते हुए जांच में शामिल नहीं हुआ। बार-बार निवास बदलकर और लो प्रोफाइल रहकर जानबूझकर अपनी पहचान छिपाई। सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि गत 10 सितंबर को कोलकाता में उसकी गिरफ्तारी कई डेटाबेस में लागू उन्नत तकनीकी उपकरणों और व्यापक पेशेवर फील्डवर्क के इस्तेमाल से संभव हुई। सीबीआई ने आखिरकार कोलकाता में उसके वर्तमान स्थान का पता लगा लिया, जहां से उसे गिरफ्तार किया गया।

## जन्मदिन पर 60 बच्चों में भोजन वितरण



**कोलकाता, समाज्ञा :** सरदार पटेल मेमोरियल कमेटी ने अध्यक्ष परेश दाफ्तरी के नेतृत्व में जरूरतमंदों के लिए चौथा सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। शनिवार की सुबह त्रिशा और पूजा दाफ्तरी के जन्मदिन के अवसर पर यह कार्यक्रम दक्षिण कोलकाता सेवाश्रम (शिशु मंगल अस्पताल, भवानीपुर के पास) में हुआ। कार्यक्रम के तहत 5 से 16 वर्ष की आयु के लगभग 60 बच्चों को पौष्टिक भोजन, मिठाई और फल वितरित किए गए। ये बच्चे संस्था द्वारा संचालित निःशुल्क शिक्षा और आवास योजना से जुड़े हैं। समिति के सदस्य परिवारों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस कार्य में वैशाली दफ्तरी, पूजा दाफ्तरी, प्रथम शाह, मयूर शाह, दिलेश शाह, सुरभि शाह, बीना शाह, अशोक तुराखिया, संजीव दोशी, कोकिलाबेन शाह, नीलेश मेहता, विपुल कोठारी ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## ममता ने ऐतिहासिक 'शिकागो भाषण' की वर्षगांठ पर स्वामी विवेकानंद को दी श्रद्धांजलि

**कोलकाता, समाज्ञा**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शिकागो की विश्व धर्म-संसद में 11 सितंबर, 1893 को स्वामी विवेकानंद द्वारा दिए गए ऐतिहासिक भाषण की वर्षगांठ के अवसर पर गुरुवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी। ममता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आज शिकागो में विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक भाषण की वर्षगांठ है। सार्वभौमिक भाईचारे, सद्भाव और स्वीकृति का उनका शक्तिशाली संदेश दुनिया को प्रेरित करता रहेगा। दूरदर्शी और महान आध्यात्मिक नेता को मेरी श्रद्धांजलि। मुख्यमंत्री ने अक्सर स्वामी विवेकानंद को अपना प्रेरणा स्रोत बताया है।

## नरेंद्र कप उद्घाटन पर बवाल, भिड़े तृणमूल और भाजपा समर्थक

**हावड़ा, समाज्ञा :** दासनगर आरती कॉटन मिल मैदान में गुरुवार को भाजपा की ओर से आयोजित नरेंद्र कप फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन विवादों में घिर गया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य जब इस टूर्नामेंट का उद्घाटन करने पहुंचे, तो खेल राज्य मंत्री मनोज तिवारी के नेतृत्व में तृणमूल समर्थकों ने उनके काफिले को रोककर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरती कॉटन मिल के श्रमिकों के बकाया वेतन, बोनस और ग्रेच्युटी के तत्काल भुगतान की मांग उठाई। मनोज तिवारी ने आरोप लगाया कि वर्षों से बंद मिल के मजदूर आधे वेतन पर जिंदगी गुजारने को मजबूर हैं और ऐसे हालात में खेल आयोजन करने से पहले उनकी समस्याओं का समाधान होना चाहिए। जैसे ही शमिक भट्टाचार्य का काफिला मैदान की ओर बढ़ा, तृणमूल समर्थकों ने रास्ता अवरोध कर दिया। पुलिस और आरएएफ ने भीड़ को हटाने की कोशिश की, जिसके दौरान हल्की झड़प हो गई। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग किया। कुछ देर की नोकझोंक के बाद मनोज तिवारी ने शमिक भट्टाचार्य से गाड़ी में ही बात की और सहमति जताने के बाद अपने समर्थकों के साथ लौट गए। हालांकि, इस दौरान भाजपा और तृणमूल समर्थकों के बीच तनातनी भी देखने को मिली। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए शमिक भट्टाचार्य ने कहा, शिकागो में स्वामी विवेकानंद के भाषण का दिन है और नरेंद्र कप पूरे देश में इसी क्रम में आयोजित हो रहा है। मैं भी चाहता हूं कि बंद मिल जल्द से जल्द चालू हो। मनोज तिवारी से बात हो गई है और वे हमारी बात से सहमत हुए हैं।




**कार्तिक आर्यन ने कोलकाता के साउथ सिटी मॉल में स्केचर्स के नये और बड़े स्टोर का शुभारंभ किया।**

# तृणमूल ने सुकांत मजूमदार पर टैगोर व बंकिम चंद्र के अपमान का लगाया आरोप, माफी की मांग

❑ **केंद्रीय मंत्री ने तृणमूल के आरोपों को किया खारिज**



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की सत्तारूढ़ दल ने एक बार फिर भाजपा पर बंगाल और बंगाली मनीषियों का अपमान करने का आरोप लगाया है। राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु और तृणमूल के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल घोष ने गुरुवार को एक प्रेस कांफ्रेंस कर केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री व प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सुकांत मजूमदार पर रवींद्रनाथ टैगोर और बंकिम चंद्र चटर्जी का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने पत्रकारों के सामने एक तस्वीर पेश की और दावा किया कि हाल में एक कार्यक्रम मंच पर सुकांत के पैरों के नीचे टैगोर और चटर्जी की तस्वीरें रखी थीं। कुणाल घोष ने कहा कि यह हमारे मनीषियों का अपमान है। सुकांत को इसके लिए तुरंत माफी मांगनी चाहिए। घोष ने कहा कि कभी शांतिनिकेतन में विश्व भारती केंद्रीय विश्वविद्यालय में लगाई गई पट्टिका से रवींद्रनाथ टैगोर का नाम हटा दिया जाता है, कभी भाजपा शासित डबल इंजन सरकार के पाठ्यक्रम से टैगोर का नाम हटा दिया जाता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जुलूस के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कलकत्ता विश्वविद्यालय में विद्यासागर की मूर्ति तोड़ दी गई थी।

वहीं, शिक्षा मंत्री ब्रात्य ने कहा कि मुझे इस बात से कोई आश्चर्य नहीं है। भाजपा हमेशा से यही करती आई है। वह बंगाली या बंगाली मनीषियों को अपने पैरों तले रखना चाहती है। उन्होंने कहा कि बहुत समय पहले बंकिम चंद्र ने अपनी एक रचना में चंचल कुमारी नाम की एक पात्र को दिखाया था। वह राजसिंह की पुत्री है। वह दिल्ली के राजा की तस्वीर को लात मारती है। बंकिम चंद्र को तब अंदाज़ा नहीं था कि बहुत समय बाद भाजपा में एक नया चंचल कुमार आएगा। यह चंचल कुमार आकर बंकिम को फिर से लात मारेगा। सुकांत ने जो किया वह अस्वीकार्य है। सुकांत मजूमदार को माफी मांगनी होगी।

दूसरी ओर, सुकांत ने तृणमूल के आरोपों को खारिज किया है। सुकांत ने कहा कि अपनी गलती छिपाने के लिए तृणमूल अनर्गल आरोप लगा रही है, जिसमें कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने तृणमूल को घटना का वीडियो पेश करने की चुनौती दी।

## एनसीसी के एडीजी ने 33 बंगाल बटालियन का किया दौरा



❑ **एडीजी ने विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले कैडेटों को सम्मानित भी किया**

**कोलकाता :** एनसीसी के पश्चिम बंगाल व सिक्किम निदेशालय के अपर महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल अमर पाल सिंह चहल, एसएम ने बुधवार को दक्षिण 24 परगना जिले के मगराहाट स्थित 33 बंगाल बटालियन सीएटीसी का दौरा किया। उन्होंने इस दौरान प्रशिक्षण के उच्च मानकों, प्रभावशाली सलामी गारद, जीवंत सांस्कृतिक प्रदर्शन और स्वच्छता एवं रहने की सुविधा पर ध्यान केंद्रित करने की सराहना की। एडीजी ने कैडेटों के साथ भी प्रेरक बातचीत की और उनका उत्साहवर्धन किया। एनसीसी निदेशालय की ओर से एक बयान में बताया गया कि एडीजी ने कैडेटों को एनसीसी के आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन के अनुसार जीने, राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले कैडेटों को सम्मानित भी किया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### दिल्ली पुलिस ने पाकिस्तान से जुड़े 'खिलाफत' आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, पांच गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने पाकिस्तान से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है और कई राज्यों में छापेमारी के बाद पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विशेष प्रकोष्ठ के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद कुशवाह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पाकिस्तान स्थित एक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से कट्टरपंथी बनाए गए संदिग्ध कथित तौर पर भारत में जमीन खरीदने, उसे 'खिलाफत क्षेत्र' घोषित करने और 'जिहाद' छेड़ने की साजिश रच रहे थे। उन्होंने कहा कि आरोपियों को 'गजवा-ए-हिंद' (भारत पर हमला) का विचार फैलाने और हिंसक गतिविधियां शुरू करने के लिए निर्देशित किया जा रहा था।

### अदालत ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए 10,000 रुपये के भरण-पोषण की सीमा पर पुनर्विचार का आग्रह किया

**बेंगलुरु :** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 की धारा 9 की समीक्षा और संशोधन करने की सिफारिश की है। यह अधिनियम न्यायाधिकरणों को बुजुर्ग माता-पिता के लिए प्रति माह 10,000 रुपये से अधिक की राशि भरण-पोषण के तौर पर देने का आदेश देने से रोकता है। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि भरण-पोषण के लिए यह राशि आज की आर्थिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती तथा इसे महंगाई के अनुरूप अद्यतन किया जाना चाहिए। न्यायाधीश ने कहा, यह अदालत गंभीरतापूर्वक यह सिफारिश करना उचित समझती है कि केंद्र धारा नौ पर पुनर्विचार करे और जीवन-यापन सूचकांक की लागत के अनुरूप अधिकतम सीमा को संशोधित करे, ताकि यह अधिनियम एक खोखला वादा बनकर न रह जाए, बल्कि वृद्धावस्था में सम्मान की जीवंत गारंटी बना रहे।

# प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के आपदाग्रस्त क्षेत्रों के लिए 1200 करोड़ की वित्तीय मदद की घोषणा की


प्रधानमंत्री ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की

**देहरादून :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों में अतिवृष्टि, भूस्खलन, बादल फटने और बाढ़ के कारण हुए नुकसान का जायजा लिया और प्रदेश के लिए 1200 करोड़ रू की वित्तीय मदद की घोषणा की। एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री ने यहां एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में उत्तराखंड में प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्यों तथा आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया और उत्तराखंड के लिए 1200 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की। इस दौरान, प्रधानमंत्री ने आपदा में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए दो .दो लाख रु तथा घायलों के लिए 50.50 हजार रु की अनुग्रह राशि की भी घोषणा की। मोदी ने हाल में आयी बाढ़ तथा भूस्खलन के कारण अनाथ हुए बच्चों के लिए केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना के तहत व्यापक मदद की भी घोषणा की।

### प्रधानमंत्री 13 सितंबर को मणिपुर में 8,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन करेंगे

**इम्फाल :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 सितंबर को मणिपुर में 8,500 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मई 2023 में कुकी और मेइती के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद राज्य की उनकी यह पहली यात्रा होगी। हिंसा में 260 से अधिक लोग मारे गए थे और हजारों लोग बेघर हो गए थे। अधिकारियों के अनुसार, मोदी चुराचांदपुर के 'पीस ग्राउंड' से 7,300 करोड़ रुपये मूल्य की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, जहां कुकी बहुसंख्यक हैं।

## मोहन भागवत 75 वर्ष के: प्रधानमंत्री और भाजपा नेताओं ने सराहना की



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत बृहस्पतिवार को 75 वर्ष के हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा सहित कई नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व की सराहना की। भागवत 2009 से आरएसएस के सरसंघचालक हैं और संगठन के विस्तार, समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुँच तथा भाजपा के साथ बेहतर समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आलोचक जिस संगठन को लंबे समय तक गोपनीय मानते थे, उसे अधिक खुला बनाने का श्रेय भी उन्हें दिया जाता है। अल्पसंख्यकों से संवाद, प्रश्नोत्तर सत्र और सामाजिक मुद्दों पर उनकी मुखर राय ने संघ की छवि को नया आयाम दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लेख के माध्यम से भागवत की ''बौद्धिक गहराई और सहृदय नेतृत्व'' की प्रशंसा करते हुए कहा कि 2009 से उनका कार्यकाल आरएसएस की 100 वर्ष की यात्रा का सबसे परिवर्तनकारी काल रहा है।

### पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आया मीर फाउंडेशन

**मुंबई :** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के मीर फाउंडेशन ने पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाई और उनके पुनर्वास के लिए आवश्यक राहत किट वितरित किए हैं। पंजाब दशकों में आई सबसे भीषण बाढ़ की आपदा से जूझ रहा है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद सतलुज, व्यास और रावी नदियों के साथ-साथ छोटी नदियों में जल स्तर बढ़ने के कारण यह बाढ़ आई है। फाउंडेशन ने एक बयान में कहा कि स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों के साथ मिलकर शुरू की गई यह पहल अमृतसर, पटियाला, फाजिल्का और फिरोजपुर जिलों के 1,500 परिवारों की मदद करेगी।

## राजनाथ ने तीनों सेनाओं के पहले महिला जलयात्रा नौकायन अभियान को हरी झंडी दिखाई

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अगले नौ महीनों में दुनिया के कुछ सबसे खतरनाक जल क्षेत्रों समेत लगभग 26,000 समुद्री मील की दूरी तय करने के लिए तीनों सेनाओं के महिला जलयात्रा अभियान को बृहस्पतिवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नौकायन पोत त्रिवेणी पर सवार दस महिला अधिकारी 'समुद्र प्रदक्षिणा' नामक अभियान का हिस्सा हैं, जिसे दुनिया में इस तरह की पहली त्रि-सेवा यात्रा बताया जा रहा है। अभियान की शुरुआत मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से हुई और रक्षा मंत्री ने इसे दिल्ली से ऑनलाइन तरीके से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर अपने संबोधन में सिंह ने इस यात्रा को नारी शक्ति, तीनों सेनाओं की सामूहिक शक्ति, एकता, आत्मनिर्भर भारत और इसकी सैन्य तथा कूटनीतिक दूरदर्शिता का एक उज्ज्वल प्रतीक बताया। रक्षा मंत्रालय ने कहा, ''10 महिला अधिकारी अगले नौ महीनों में स्वदेश निर्मित भारतीय सेना के नौकायन पोत (आईएएसवी) त्रिवेणी पर सवार होकर पूर्वी मार्ग पर लगभग 26,000 समुद्री मील की यात्रा करेंगी।''



### पुलिस ने श्रीनगर में फारूक अब्दुल्ला को आप नेता संजय सिंह से मिलने से रोका

**श्रीनगर :** श्रीनगर स्थित सर्किट हाउस में बृहस्पतिवार को उस समय नाटकीय दृश्य पैदा हो गया जब पुलिस ने जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला को आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह से मिलने से रोक दिया। पुलिस ने सर्किट हाउस के गेट बंद कर दिए थे। आप सांसद सिंह डोडा से विधायक मेहराज मलिक की गिरफ्तारी और उन पर जन सुरक्षा कानून (पीएसए) लगाए जाने के विरोध में प्रदर्शन करने वाले थे। पुलिस ने तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके अब्दुल्ला को परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया। अब्दुल्ला ने कहा, ''यह यहां की स्थिति है... यहां एक निर्वाचित सरकार है, लेकिन लगता है कि उपराज्यपाल ही इसे चला रहे हैं। देश को इस स्थिति से अवगत कराया जाना चाहिए।'' नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष ने कहा कि सिंह पथराव करने या गोलियां चलाने नहीं आए हैं। उन्होंने कहा, ''एक व्यक्ति संविधान के दायरे में बात करना चाहता है, लेकिन उसे इसकी अनुमति नहीं है... वह (सिंह) संसद में मेरे मित्र रहे हैं और आप शिष्टाचार मुलाकात भी नहीं करने दे रहे हैं। यह आपकी नहीं, बल्कि उपराज्यपाल की गलती है।''

## छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या



**रायगढ़ :** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में अज्ञात लोगों ने एक ही परिवार के चार लोगों की कथित तौर पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना खरसिया थाना क्षेत्र के गांव ठुसुकेला की है और मृतकों की पहचान बुधराम उरांव (45), उनकी पत्नी सहोदरा उरांव (40), बेटा अरविंद उरांव (12) ओर बेटी शिवांगी उरांव (पांच) के रूप में हुई है। खरसिया क्षेत्र के पुलिस अनुमंडलीय अधिकारी प्रभात पटेल ने बताया कि आज सुबह पुलिस को रायगढ़ से 40 किलोमीटर इस गांव के राजीवनगर मोहल्ले के एक घर से दुर्गंध आने की सूचना मिली थी जिसके बाद एक दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।

## मनसे ने कपिल शर्मा को चेतावनी दी, अपने शो में मुंबई को 'बॉम्बे' या 'बंबई' कहना बंद करें

**मुंबई :** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने बृहस्पतिवार को हास्य-अभिनेता कपिल शर्मा को अपने शो में मुंबई को 'बॉम्बे' या 'बंबई' कहकर उसका 'अपमान' करने को लेकर चेताया और कहा कि अगर यह बंद नहीं किया तो वह इसके खिलाफ कड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। मनसे नेता अमेय खोपकर ने पत्रकारों से बात करते हुए कपिल शर्मा को यह चेतावनी दी। खोपकर पार्टी की फिल्म शाखा के प्रमुख हैं। यह चेतावनी शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे द्वारा स्थानीय निकाय चुनावों से पहले दोनों दलों के बीच गठबंधन की चर्चा के बीच मुंबई में अपने चचेरे भाई और मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे के घर जाने के एक दिन बाद आई है। खोपकर ने कहा, इस शहर का नाम मुंबई है। कपिल शर्मा के शो में, हम लंबे समय से देखते आ रहे हैं और इस नए सीजन के शुरू होने से पहले भी... शहर को हमेशा बॉम्बे या बम्बई कहा जाता है। हम इसका विरोध करते हैं। यह कोई आपत्ति नहीं, बल्कि गुस्सा है। इस शहर का नाम मुंबई है। अगर आप दूसरे शहरों को चेन्नई, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे उनके सही नामों से बुला सकते हैं, तो हमारे शहर का अपमान क्यों कर रहे हैं? उन्होंने कहा, आप (शर्मा) इतने सालों से मुंबई में काम कर रहे हैं, मुंबई आपकी कर्मभूमि है। मुंबई के लोग आपको पसंद करते हैं और आपका शो देखते हैं। मुंबई हमारे दिलों में है, इस शहर का अपमान मत करो, मुंबई के लोगों का अपमान मत करो। मैं कपिल शर्मा को चेतावनी दे रहा हूं।


दुबई के क्राउन प्रिंस ने आईआईएम–अहमदाबाद के यूएई परिसर का उद्घाटन किया

## सशस्त्र सीमा बल ने नेपाल में जेल तोड़कर भागे 60 कैदियों को पकड़ा



**नयी दिल्ली :** भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा करने वाले सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर विभिन्न स्थानों से लगभग 60 लोगों को पकड़ा है। इनमें से ज्यादातर नेपाली हैं, जिन पर अपने देश में अशांति के दौरान जेल तोड़कर भागने का संदेह है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि एसएसबी के जवानों ने पिछले दो दिन में उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल की सीमा चौकियों से इन्हें पकड़ा है। उन्होंने बताया कि इन्हें संबंधित राज्य पुलिस बलों को सौंप दिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले में मुसहरवा सीमा चौकी से एक बांग्लादेशी नागरिक को भी पकड़ा गया है। वह काठमांडू स्थित जेल परिसर में भीड़ के हमले के दौरान भागने में कामयाब रहा था। अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए लोगों में से दो या तीन ने भारतीय मूल का होने का दावा किया है और इसकी पुष्टि की जा रही है। गृह मंत्रालय के अधीन कार्यरत एसएसबी भारत के पूर्वी हिस्से में 1,751 किलोमीटर लंबी बिना बाड़ वाली भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा करता है। इसने बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में लगभग 50 बटालियन, यानी लगभग 60,000 कर्मियों को तैनात किया है, जो नेपाल के साथ सीमा साझा करते हैं।

समाज्ञा




### आयुष, लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में

**हांगकांग :** भारत के आयुष शेट्टी ने हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन में जापान के कोडाई नाराओका को 21-19, 12-21, 21-14 से हराकर पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। 20 वर्षीय आयुष का अगला मुकाबला हमवतन लक्ष्य सेन से होगा। लक्ष्य ने एचएस प्रणय को 15-21, 21-18, 21-10 से हराकर छह महीने बाद किसी शीर्ष बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने थाईलैंड की जोड़ी को 18-21, 21-15, 21-11 से मात दी। अब वे मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से भिड़ेंगे। अन्य मुकाबलों में किरण जॉर्ज ताइपै के चोउ तियेन चेन से 6-21, 12-21 से हारकर बाहर हो गए, जबकि महिला युगल में रितुपर्णा और श्वेतापर्णा पांडा चीन की जोड़ी से 12-21, 7-21 से पराजित हुईं।

### दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप : काठमांडू अब तटस्थ स्थल नहीं

**नयी दिल्ली :** नेपाल में चल रही उथल पुथल के कारण इस वर्ष नवम्बर में भारत में होने वाले पहले महिला दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप क्रिकेट के लिए काठमांडू अब तटस्थ स्थल नहीं रहेगा और पाकिस्तान के मैचों की मेजबानी के लिए एक वैकल्पिक स्थल पर विचार किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट 11 से 25 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें आस्ट्रेलिया , इंग्लैंड, भारत, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और अमेरिका भाग लेंगे । टूर्नामेंट दिल्ली और बेंगलुरू में खेला जाना था लेकिन पाकिस्तान तटस्थ स्थान पर मैच खेलेगा जो पहले काठमांडू था ।

# महिला एकदिवसीय विश्व कप में पहली बार सभी महिला अधिकारी होंगी

**दुबई :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत और श्रीलंका में इस महीने के अंत में शुरू होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए बृहस्पतिवार को पहली बार सिर्फ महिला अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपने की घोषणा की। टूर्नामेंट की शुरुआत 30 सितंबर को गुवाहाटी में संयुक्त मेजबानों भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबले से होगी। अंपायरिंग पैनल में पूर्व भारतीय खिलाड़ी वृंदा राठी, एन जननी और गायत्री वेणुगोपालन को भी जगह मिली है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और पहली महिला मैच रेफरी जीएस लक्ष्मी चार सदस्यीय मैच रेफरी पैनल का हिस्सा होंगी। आईसीसी ने कहा कि क्लेयर पोलोसेक, जैकलीन विलियम्स और सू रेडफर्न की तिकड़ी अपने तीसरे महिला विश्व कप में अंपायरिंग करेगी। लॉरेन एजेनबैग और किम कॉटन दूसरी बार विश्व कप का हिस्सा होंगी। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा, 'मैच अधिकारियों के पैनल में सिर्फ महिला अधिकारियों का शामिल होना ना केवल एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि क्रिकेट में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए आईसीसी की अटूट प्रतिबद्धता का एक सशक्त प्रतिबिंब भी है।' उन्होंने कहा, 'यह प्रतीकात्मक इशारे से कहीं आगे जाता है। यह दृश्यता, अवसर और सार्थक रोल मॉडल के निर्माण के



## महिला एशिया कप हॉकी में भारत की पहली हार, चीन ने 4-1 से हराया

**हांगझोउ :** भारतीय महिला हॉकी टीम को महिला एशिया कप के सुपर-4 चरण में पहली हार का सामना करना पड़ा। गुरुवार को खेले गए मैच में मेज़बान चीन ने भारत को 4-1 से पराजित किया। भारत की ओर से एकमात्र गोल मुमताज खान ने 39वें मिनट में किया, जबकि चीन के लिए झोउ मेइरोंग (4वां, 56वां मिनट), चेन यांग (31वां) और तान जिंझुयांग (49वां) ने गोल दागे। पूल चरण में भारत अपराजेय रहा था। उसने थाईलैंड और सिंगापुर को हराया और जापान से ड्रॉ खेला। सुपर-4 के पहले मैच में उसने कोरिया को 4-2 से मात दी थी। अब टीम को शुक्रवार को जापान के खिलाफ जीत हासिल कर फाइनल में जगह पक्की करनी होगी। सुपर-4 की शीर्ष दो टीमें 14 सितंबर को फाइनल खेलेंगी। टूर्नामेंट का विजेता 2026 महिला हॉकी विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा। मैच में भारत को तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन वह एक भी भुना नहीं सका। चीन ने शुरुआती मिनटों में ही झोउ मेइरोंग के रिबाउंड गोल से बढ़त ले ली। दूसरे क्वार्टर में भारतीय टीम मौके बनाने के बावजूद गोल नहीं कर सकी। तीसरे क्वार्टर में चेन यांग ने बढ़त 2-0 कर दी, जबकि मुमताज खान ने शानदार बैकहैंड शॉट से भारत की उम्मीदें जगाईं। आखिरी क्वार्टर में चीन ने दो और गोल दागकर 4-1 की बड़ी जीत दर्ज की।



## तेंदुलकर के अगला बीसीसीआई अध्यक्ष बनने की अटकलें निराधार, भारतीय दिग्गज की प्रबंधन फर्म ने कहा

**नयी दिल्ली :** दिग्गज बल्लेबाज और पूर्व भारतीय कप्तान सचिन तेंदुलकर ने बृहस्पतिवार को इन अटकलों को खारिज कर दिया कि वह भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का अगला अध्यक्ष बनने की दौड़ में हैं। उनकी प्रबंधन फर्म ने ऐसी सभी बातों को 'निराधार' बताया। तेंदुलकर की प्रबंधन फर्म ने उनकी ओर से बयान जारी कर इन अटकलों पर विराम लगा दिया है कि वह रोजर बिन्नी के संभावित उत्तराधिकारी हो सकते हैं। बिन्नी का कार्यकाल जुलाई में उनके 70 वर्ष के होने पर समाप्त हो गया था। कंपनी की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'हमारे संज्ञान में आया है कि सचिन तेंदुलकर के नाम पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष पद के लिए विचार किए जाने या नामांकित किए जाने के बारे में कुछ खबरें और अफवाहें फैल रही हैं।' कंपनी ने कहा, 'हम स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। हम सभी संबंधित पक्षों से अनुरोध करते हैं कि वे निराधार अटकलों पर ध्यान नहीं दें।'

### लिटन दास के अर्धशतक से बांग्लादेश ने हांगकांग को सात विकेट से हराया

**अबुधाबी :** लिटन दास ने कप्तानी पारी खेलते हुए आक्रामक अर्धशतक लगाया जिसकी मदद से बांग्लादेश ने एशिया कप के अपने पहले मैच में बृहस्पतिवार को हांगकांग को सात विकेट से हरा दिया । बांग्लादेश के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए हांगकांग को सात विकेट पर 143 रन पर रोक दिया था । इसके बाद दास ने 39 गेंद में 59 रन बनाकर टीम को 14 गेंद बाकी रहते जीत दिलाई । हांगकांग की यह टूर्नामेंट में लगातार दूसरी हार है जिसे पहले मैच में अफगानिस्तान ने 94 रन से हराया था । बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन इमोन ने 14 गेंद में 19 रन बनाये । बीच के ओवरों में रन मुश्किल से बने और पावरप्ले के बाद एक समय तो 33 गेंद में कोई चौका छक्का नहीं लगा था । दास ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए यासिम मुर्तजा को छक्का लगाया और फिर दो चौके लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया । मुर्तजा के फेंके 15वें ओवर में 16 रन बने । तौहीद हृदय 36 गेंद में 35 रन बनाकर नाबाद रहे । उन्होंने दास के साथ 95 रन की साझेदारी की । दास 59 रन बनाकर अतीक इकबाल की गेंद पर बोल्ड हो गए लेकिन तौहीद ने टीम को विजयी रन तक पहुंचाया ।

## कपिल ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले भारतीय खिलाड़ियों से ध्यान केंद्रित रखने को कहा

**चंडीगढ़ :** विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले एशिया कप के मुकाबले से पहले भारतीय खिलाड़ियों से अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित रखने और बाहरी कारकों से विचलित नहीं होने को कहा। इस साल की शुरुआत में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों के मारे जाने पर भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार भारत और पाकिस्तान दुबई में आमने-सामने होंगे। कपिल ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'भारतीय खिलाड़ियों को केवल खेल पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उनके पास एक अच्छी टीम है और उन्हें जीतना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों को केवल अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और किसी और चीज से ध्यान नहीं भटकाना चाहिए। बस आगे बढ़ो और जीतो। सरकार अपना काम करेगी और खिलाड़ियों को अपना काम करना चाहिए।' पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने एक नीति बनाई है जिसके तहत देश पाकिस्तान के साथ कोई द्विपक्षीय खेल संबंध नहीं रखेगा लेकिन भारतीय टीमों को कई टीम की प्रतियोगिताओं में पाकिस्तान के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने से नहीं रोका जाएगा। टी20 प्रारूप में मौजूदा विश्व चैंपियन भारत ने बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात पर नौ विकेट से शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। कपिल ने कहा, 'यह एक अच्छी टीम है, शुभकामनाएं, उन्होंने कल अच्छी जीत हासिल की। मुझे उम्मीद है कि वे ट्रॉफी भी जीतेंगे।'

## विश्व चैम्पियनशिप स्वर्ण के बाद भारत के कंपाउंड तीरंदाजों की नजरें ओलंपिक पर

**नयी दिल्ली :** विश्व चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद भारतीय पुरूष कंपाउंड तीरंदाजी टीम का फोकस आगामी एशियाई चैम्पियनशिप और ओलंपिक में पदक जीतने पर है। भारत ने हाल ही में विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप में पुरूष टीम वर्ग में स्वर्ण और मिश्रित टीम में रजत पदक जीता। पुरूष टीम में ऋषभ यादव, अमन सैनी और प्रथमेश फुगे की तिकड़ी ने फाइनल में फ्रांस को हराया। प्रथमेश ने पीटीआई वीडियो से कहा ,'' हमने विश्व चैम्पियनशिप के लिये काफी तैयारी की थी और चैम्पियनशिप से पहले कोरिया में कुछ दिन अभ्यास करने का भी फायदा मिला।'' उन्होंने कहा ,'' भारतीय कंपाउंड तीरंदाजी टीम लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हम इसके बाद एशियाई चैम्पियनशिप खेलेंगे जिस पर पूरा फोकस है। ओलंपिक हम सभी का लक्ष्य है।'' ज्योति सुरेखा वेन्नम के साथ मिश्रित टीम में भी रजत पदक जीतने वाले ऋषभ ने कहा ,'' हम नवंबर में होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप के ट्रायल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। अगले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना भी लक्ष्य है। हम 2028 ओलंपिक की भी तैयारी कर रहे हैं।'' ज्योति ने कहा ,'' यह मिश्रित टीम में दूसरा रजत पदक है। हमने काफी अभ्यास किया था और अंत तक जुझारूपन नहीं छोड़ा। अभी ओलंपिक में तीन साल है लेकिन उससे पहले एशियाई चैम्पियनशिप, विश्व कप और एशियाई खेल हैं लिहाजा हम कदम दर कदम आगे बढ़ेंगे।''

# वाहन उद्योग 'मेक इन इंडिया' का अग्रदूत, आत्मनिर्भरता जरूरी : पीएम



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण की ओर बढ़ रहा है और इसके लिए सरकार और वाहन उद्योग को संपूर्ण विनिर्माण मूल्य श्रृंखला में 'सच्ची आत्मनिर्भरता' हासिल करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के वार्षिक सम्मेलन में लिखित संबोधन में मोदी ने कहा कि जैसे-जैसे भारत हरित और स्मार्ट परिवहन में वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है, निवेश और सहयोग के अपार अवसर पैदा हो रहे हैं। सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने प्रधानमंत्री के संदेश को पढ़ा। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था के एक प्रमुख चालक वाहन उद्योग ने परिवहन और जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किया है और यह 'मेक इन इंडिया' पहल का अग्रदूत रहा है। मोदी ने कहा, 'जैसे-जैसे देश हरित और स्मार्ट परिवहन में वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है, निवेश और सहयोग के अवसर बढ़ रहे हैं।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'जैसे-जैसे हम 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण की ओर बढ़ रहे हैं, सरकार और उद्योग के लिए यह ज़रूरी है कि वे संपूर्ण वाहन निर्माण मूल्य श्रृंखला में सच्ची आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए मिलकर काम करें।' उन्होंने आगे कहा कि अर्थव्यवस्था के एक प्रमुख चालक, वाहन उद्योग ने जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'यह मेक इन इंडिया पहल का अग्रदूत रहा है, जिसने भारतीय विनिर्माण में वैश्विक भरोसे को बढ़ाया है और भारत को वाहन क्षेत्र में उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्थापित किया है।' मोदी ने कहा, 'भारत भविष्य के लिए तैयार परिवहन पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे

# परिवहन मंत्रालय बस संचालकों को लाभ पहुंचाने के लिए टोल नीति पर काम कर रहा है: गडकरी




**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सड़क परिवहन मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले राज्य और निजी बस संचालकों को लाभ देने के लिए एक टोल नीति पर काम कर रहा है। सरकार ने राजमार्ग पर परेशानी मुक्त यात्रा की दिशा में एक कदम उठाते हुए गैर-वाणिज्यिक वाहनों के लिए फास्टैग आधारित वार्षिक पास की शुरुआत कर दी है, जिसकी कीमत 3,000 रुपये है। यह पास 15 अगस्त से प्रभावी है। यह पास सक्रिय होने की तारीख से एक वर्ष या 200 यात्राओं (जो पहले हो) तक वैध होगा। यह पास विशेष रूप से गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए बनाया गया है। गडकरी ने बीओसीआई के भारत प्रवास पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए कहा, 'हम राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले राज्य और निजी बस संचालकों को लाभ प्रदान करने के लिए एक टोल नीति पर काम कर रहे हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से हरित हाइड्रोजन चालित ट्रकों के संचालन के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में 10 राजमार्ग खंडों की पहचान की है। गडकरी ने कहा कि इन खंडों पर इंडिया ऑयल और रिलायंस पेट्रोलियम द्वारा हाइड्रोजन फिलिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

## पुरानी गाड़ी कबाड़ में देने वालों को विशेष छूट दें : गडकरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को वाहन उद्योग जगत से कहा कि वे उन ग्राहकों को अतिरिक्त छूट देने पर विचार करें जो नई गाड़ी खरीदते समय अपने पुराने वाहन को कबाड़ में बदलने का प्रमाणपत्र जमा करते हैं। गडकरी ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से यह भी अनुरोध किया है कि जो लोग अपने पुराने वाहन को कबाड़ में बदलकर नई गाड़ी खरीदते हैं, उन्हें माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में राहत दी जाए।

## पश्चिम बंगाल में टर्म इंश्योरेंस की मांग में इजाफा, बढ़ी वित्तीय जागरूकता

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के प्रमुख ऑनलाइन इंश्योरेंस प्लेटफॉर्म पॉलिसीबाजार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पश्चिम बंगाल में टर्म इंश्योरेंस की मांग लगातार बढ़ रही है। दुर्गा पूजा से पहले आयोजित इस कार्यक्रम को पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के रीजनल हेड (ईस्ट), लाइफ इंश्योरेंस, गौरव सुराना ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कोलकाता और पश्चिम बंगाल में ग्राहक अधिक जागरूक हो रहे हैं और अपने परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं। वित्त वर्ष 2025 में राज्य का योगदान कुल टर्म पॉलिसियों में 26% रहा। रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बंगाल में औसत बीमा राशि लगभग 86.6 लाख और कोलकाता में 96.7 लाख है। 40 वर्ष से कम आयु के पॉलिसीधारकों की संख्या भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है, वहीं महिलाओं की भागीदारी 11% से अधिक हो गई है। शिक्षित और सैलेरीड वर्ग इस वृद्धि में अग्रणी है। पॉलिसीबाजार ने आश्वासन दिया कि ग्राहकों को पॉलिसी चयन से लेकर क्लेम प्रक्रिया तक पारदर्शी और भरोसेमंद सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## जियोब्लैकरॉक का पहला इक्विटी फंड 23 सितंबर को आएगा

**कोलकाता:** जियोब्लैकरॉक म्यूचुअल फंड ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपना पहला सक्रिय इक्विटी उत्पाद 23 सितंबर को पेश करेगी। इसे कंपनी के 'सिस्टमेटिक एक्टिव इक्विटी' मंच पर जारी किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि 'जियोब्लैकरॉक फ्लेक्सीकैप फंड' उसका पहला एक्टिव इक्विटी फंड है जबकि इस वित्त वर्ष में तीन-चार अन्य सक्रिय इक्विटी फंड भी जारी किए जा सकते हैं। कंपनी के ईटीएफ समेत अन्य निवेश उत्पाद बाद में पेश किए जाएंगे। जियोब्लैकरॉक एएमसी के मुख्य निवेश अधिकारी ऋषि कोहली ने कहा कि पहला फंड एसएई मंच पर आधारित होगा जो ब्लैकरॉक का वैश्विक स्तर पर आजमाया हुआ ढांचा है। इसमें 95 प्रतिशत निवेश प्रक्रिया प्रौद्योगिकी पर आधारित होगी जिससे व्यक्तिगत जोखिम एवं धारणात्मक आग्रह कम होगा। कोहली ने कहा, 'हमें लगता है कि अनिश्चित बाजार माहौल में ऐसा उत्पाद पेश करना उपयुक्त है जो अन्य सक्रिय फंडों की तुलना में कम जोखिम रखता हो और लंबे समय में आकर्षक रिटर्न देने की क्षमता भी रखता हो। रिलायंस की वित्तीय कंपनी जियो फाइनेंशियल्स और दुनिया की सबसे बड़ी संपत्ति प्रबंधन कंपनी ब्लैकरॉक के बीच गठजोड़ से बनी जियोब्लैकरॉक को मई में लाइसेंस मिला था।

## वैश्विक बाजारों में तेजी से सेंसेक्स 124 अंक मजबूत, निफ्टी सातवें दिन चढ़कर 25,000 अंक के पार



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी बनी रही और बीएसई सेंसेक्स 124 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 25,000 अंक के पार पहुंच गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ घरेलू शेयर बाजार लाभ में रहे। तीस शेयरों पर आधारित सेंसक्स में लगातार चौथे दिन तेजी रही और यह 123.58 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,548.73 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 217.07 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी में लगातार सातवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 32.40 अंक यानी 0.13 प्रतिशत बढ़कर लगभग तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर 25,005.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, भारती एयरटेल, इटर्नल और सन फार्मा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में इन्फोसिस, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। जियोजीत इन्-वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'निफ्टी 50 सूचकांक 25,000 अंक की महत्वपूर्ण सीमा से ऊपर बंद हुआ है। अमेरिका द्वारा भारत पर अप्रत्याशित रूप से 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने से मुख्य सूचकांक एक समय 24,400 अंक तक गिर गया था।'

## रुपया 36 पैसे टूटकर अपने सबसे निचले स्तर 88.47 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** भारत और अमेरिका के बीच शुल्क मुद्दे पर जारी विवाद का घरेलू मुद्रा की कमजोरी पर भारी असर पड़ा और रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 36 पैसे टूटकर 88.47 (अस्थायी) के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मुद्रास्फीति के आंकड़े आने से पहले अमेरिकी डॉलर में सुधार और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने निवेशकों की धारणा को और कमजोर किया। पिछले कुछ सत्रों में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने से भी रुपये पर दबाव पड़ा है।

## ग्रो म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड

**दुर्गापुर:** ग्रो म्यूचुअल फंड ने 'ग्रो मल्टी एसेट एलोकेशन फंड' पेश किया है। यह एक ओपन-एंडेड योजना है जो इक्विटी, डेट (ऋण), सोना और चांदी जैसे विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में निवेश करती है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 10 सितंबर से 24 सितंबर 2025 तक खुला रहेगा। यह योजना निवेशकों को विविध आवंटन ढांचा प्रदान कर पोर्टफोलियो की अस्थिरता कम करने और बदलते बाजार हालात के अनुसार संतुलन बनाने का प्रयास करती है। ग्रो का स्वामित्व वाला 'शास्त्र' प्लेटफॉर्म (स्ट्रैटेजिक होलिस्टिक एसेट एलोकेशन एंड सिस्टमैटिक टेक्निकल रिस्क असेसमेंट) इस फंड को मार्गदर्शन देगा। फंड मैनेजर मैक्रोइकोनॉमिक डेटा, तकनीकी संकेतक और बाजार रुझानों के आधार पर परिसंपत्ति आवंटन तय करेंगे। इससे पूर्वाग्रह कम करने, जोखिमों की पहचान और पोर्टफोलियो प्रबंधन में सुधार का लक्ष्य है। योजना सकल इक्विटी निवेश को 65% से ऊपर रखने की कोशिश करेगी, जिससे इक्विटी कराधान के लाभ मिल सकें। साथ ही ऋण, सोना और चांदी जैसे अन्य एसेट क्लास में भी निवेश कर संतुलन बनाने की रणनीति अपनाई जाएगी।

## ऑनलाइन गेमिंग कानून के बाद ड्रीम11, तीन अन्य स्टार्टअप यूनिकॉर्न सूची से बाहर

**मुंबई :** सरकार के पैसा आधारित गेमिंग कंपनियों की गतिविधियों को विनियमित करने के लिए कानून पेश किए जाने के बाद, ड्रीम11 और गेम्स24 सहित चार स्टार्टअप ने प्रतिष्ठित यूनिकॉर्न का दर्जा खो दिया है। बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। यूनिकॉर्न सूची से बाहर होने वाले पैसा आधारित गेम (आरएमजी) से जुड़ी दो अन्य स्टार्टअप गेम्सक्राफ्ट (तीन करोड़ उपयोगकर्ता) और मोबाइल प्रीमियर लीग (नौ करोड़) हैं।




**भारतीय** रेल ने एक और ऐतिहासिक सफलता दर्ज करते हुए, आजादी के बाद पहली बार मिजोरम की राजधानी आइजोल को देश के रेल मानचित्र से जोड़ा है। बइरबी-सायरंग रेल परियोजना के पूरा होने से पूर्वोत्तर भारत की चौथी राजधानी को रेल संपर्क प्राप्त हुआ है। यह परियोजना न केवल भौगोलिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण मानी जाती है, बल्कि इंजीनियरिंग और निर्माण की दृष्टि से भी भारतीय रेल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

पूर्वोत्तर की दुर्गम पहाड़ियों, गहरी घाटियों और लगातार बरसने वाली बारिश के बीच इस परियोजना को पूरा करना किसी चमत्कार से कम नहीं है। लंबे समय तक रेल कनेक्टिविटी से वंचित रहे आइजोल के लोगों को अब देश के अन्य हिस्सों से तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का अवसर मिलेगा।

### पूर्वोत्तर में नई रेल क्रांति

अभी तक पूर्वोत्तर क्षेत्र की तीन राजधानियाँ—गुवाहाटी (असम), ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) और अगरतला (त्रिपुरा)- सीधे रेल नेटवर्क से जुड़ी थीं। मई 2025 में सायरंग तक सफल ट्रायल रन के साथ आइजोल इस सूची में चौथी राजधानी बन गई। यह ऐतिहासिक कदम न केवल मिजोरम के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास के नए दरवाजे भी खोलेगा, साथ ही पूर्वोत्तर भारत को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने में एक सशक्त कड़ी साबित होगा।

### परियोजना का स्वरूप और लागत

बइरबी-सायरंग रेल परियोजना की कुल लंबाई 51.38 किलोमीटर है। यह बइरबी से शुरू होकर आइजोल के निकट स्थित सायरंग तक जाती है। परियोजना को चार प्रमुख सेक्शनों में बांटा गया है:

- बइरबी-हरतकी सेक्शन- 16.72 किमी
- हरतकी-कॉनपुई सेक्शन- 9.71 किमी
- कॉनपुई-मुअलखांग सेक्शन- 12.11 किमी
- मुअलखांग-सायरंग सेक्शन- 12.84 किमी

पूरे प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत लगभग ₹8071 करोड़ रुपये है। इस परियोजना के तहत चार नए स्टेशनों- हरतकी, कॉनपुई, मुअलखांग और सायरंग का निर्माण किया गया है।

### अद्भुत इंजीनियरिंग की मिसाल

मिजोरम का भौगोलिक स्वरूप कठिन और पहाड़ियों वाला है। यहाँ रेलवे ट्रैक बिछाने के लिए अनेक पुलों और सुरंगों की आवश्यकता थी। इस परियोजना में कुल 55 बड़े पुल और 87 छोटे पुल बनाए गए हैं। इसके अलावा 45 सुरंगों का निर्माण किया गया है, जिनकी कुल लंबाई 12.8 किलोमीटर से अधिक है।

परियोजना का सबसे उल्लेखनीय इंजीनियरिंग चमत्कार है पुल संख्या 144 का पियर P-4, जिसकी ऊँचाई 114 मीटर है। यह कुतुब मीनार से भी 42 मीटर ऊँचा है। इसके अतिरिक्त, यात्रियों और माल ढुलाई की सुगमता के लिए 10 रोड ओवरब्रिज (ROB) और रोड अंडरब्रिज (RUB) का भी निर्माण किया गया है।

### निर्माण कार्य की चुनौतियां

बइरबी-सायरंग रेल परियोजना का निर्माण आसान नहीं रहा। यह क्षेत्र सालभर में केवल चार से पाँच महीनों (नवंबर से मार्च) तक ही काम करने योग्य रहता है, जबकि अप्रैल से अक्टूबर तक लंबा मानसून और भारी वर्षा कार्य को पूरी तरह ठप कर देती है। परियोजना का मार्ग दुर्गम पहाड़ियों, गहरी घाटियों और खाइयों से होकर गुजरता है, जिसके लिए लंबी सुरंगों और ऊँचे पुलों का निर्माण आवश्यक है। भूगर्भीय दृष्टि से भी इलाका चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि यहां की चट्टानें नरम शेल, सिल्ट स्टोन और सैंड स्टोन की बनी हैं, जिनमें फॉल्ट, फ्रैक्चर और शियर ज़ोन पाए जाते हैं। इन अस्थिर पहाड़ियों में सुरंग बनाना और स्थायी संरचना तैयार करना बेहद कठिन कार्य है।

इसके अलावा, बार-बार होने वाले भूस्खलन और फिसलन भरे रास्तों के कारण सामग्री और श्रमिकों की आवाजाही अक्सर बाधित हो जाती है। परियोजना में इस्तेमाल होने वाली आधुनिक मशीनें भी चुनौती साबित हुईं, क्योंकि इनके खराब होने पर स्पेयर पार्ट्स और तकनीशियनों को दूर-दराज़ से बुलाना पड़ता था, जिससे काम रुक जाता था। मिजोरम में स्थानीय श्रमिक उपलब्ध नहीं होने के कारण श्रमिकों को अन्य



राज्यों से लाना पड़ा, लेकिन दूरस्थ, पहाड़ी और वनों से घिरे इलाके में काम करने से श्रमिक हिचकिचाते हैं, जिसके चलते हमेशा श्रमिकों की कमी बनी रही।

निर्माण सामग्री जैसे रेत और गिट्टी भी मिजोरम में उपलब्ध नहीं है, जिन्हें असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों से सड़क या रेल मार्ग के जरिए लाना पड़ता है। इन सभी कारणों से यह परियोजना इंजीनियरिंग और संसाधनों की सबसे कठिन चुनौतियों वाली परियोजनाओं में से एक मानी जाती है।



### मिजोरम को मिलने वाले लाभ

बइरबी-सायरंग रेल परियोजना मिजोरम की आर्थिक और सामाजिक प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित होगी। यह केवल एक रेल लाइन नहीं है, बल्कि पूर्वोत्तर की प्रगति की नई राह है। इस परियोजना से व्यापार, परिवहन, कृषि, उद्योग और पर्यटन—हर क्षेत्र में नई संभावनाएँ खुलेंगी।

→ **कृषि और स्थानीय उद्योग के लिए नए बाजार:-** मिजोरम के किसान, बुनकर और स्थानीय उद्योग अब अपने उत्पादों को आसानी से देश के अन्य हिस्सों तक पहुँचा पाएंगे।

→ **माल ढुलाई की दक्षता:-** रेल मार्ग से माल परिवहन तेज और सस्ता होगा, जिससे व्यापार और उद्योग को बल मिलेगा।

→ **समय की बचत:-** सड़क मार्ग पर ज्यादा समय लेने वाली यात्रा अब ट्रेनों के जरिए कम समय में पूरी होगी।

→ **रोजगार के नए अवसर:-** रेल परियोजना से निर्माण कार्य, पर्यटन, व्यापार और सेवाओं के क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा।

### पूर्वोत्तर के उज्जवल भविष्य की राह

भारतीय रेल की यह परियोजना केवल मिजोरम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूर्वोत्तर भारत के लिए एक नई विकास गाथा लिखती है। बेहतर रेल संपर्क से इस क्षेत्र में निवेश की संभावनाएँ बढ़ेंगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। यह परियोजना 'कनेक्टिंग नॉर्थ ईस्ट टू द नेशन' टू द नेशन' के संकल्प को मजबूत करती है।

बइरबी-सायरंग रेल परियोजना भारतीय रेल की इंजीनियरिंग दक्षता, दूरदर्शी योजना और विकास के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है। कठिन पहाड़ियों और चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों को पार करते हुए यह परियोजना पूर्वोत्तर भारत की जीवनधारा को नई गति देती है। आइजोल का रेल मानचित्र से जुड़ना मिजोरम के साथ पूरे देश के लिए गर्व का विषय है।

### परियोजना के अहम पड़ाव

- **29 नवम्बर 2014:-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुवाहाटी (मालीगाँव) से वर्चुअली बइरबी-सायरंग रेल लाइन का शिलान्यास किया।
- **21 मार्च 2016:-** असम-बइरबी रेलखंड को ब्रॉड गेज में बदला गया। चावल से लदी पहली 42 डिब्बों की मालगाड़ी मिजोरम के बइरबी स्टेशन पहुँची।
- **27 मई 2016:-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बइरबी-शिलचर के बीच पहली ब्रॉड गेज यात्री ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- **22 अगस्त 2024:-** बइरबी-हरतकी ब्रॉड गेज लाइन पर मालगाड़ी व यात्री ट्रेन का परिचालन शुरू हुआ।
- **1 मई 2025:-** सायरंग तक पहली बार सफल ट्रायल रन, राजधानी आइजोल को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ने की ऐतिहासिक तैयारी।
- **10 जून 2025:-** हरतकी-सायरंग अंतिम खंड चालू। 51.38 किमी लंबी बइरबी-सायरंग रेल लाइन पूरी, आइजोल को पहली बार सीधी रेल कनेक्टिविटी।

### प्रमुख विशेषताएँ

लागत – ₹8071 करोड़
कुल लंबाई – 51.38 किलोमीटर
जिला – कोलासिब और आइज़ोल
गति क्षमता – 100 किलोमीटर प्रति घंटा
स्टेशन संख्या – 4- हरतकी, कॉनपुई, मुअलखांग सायरंग

### पुल और सुरंगों से सजा ऐतिहासिक रेल मार्ग

पुलों की कुल लंबाई – 11.78 किमी (लगभग 23%)
कुल पुलों की संख्या – 143
ROBs और RUBs – 10
कुल सुरंगें – 45
सुरंगों की कुल लंबाई – 15.885 किमी (लगभग 31%)
सबसे लंबी सुरंग – 1.868 किमी
सभी सुरंगों में बैलास्टलेस ट्रैक
संस्कृति की झलक – सुरंगों के प्रवेश द्वार पर मिजोरम की लोक-संस्कृति को दर्शाते चित्र। इनमें स्थानीय परिधान, त्यौहार, रीति-रिवाज, ग्राम्य जीवन तथा प्रदेश की वनस्पति और जीव-जंतु दर्शाए गए हैं।

"नॉर्थ ईस्ट के मिजोरम में बइरबी तक रेल लाइन, अगरतला ब्रॉडगेज से कनेक्ट हुआ, नागालैंड में 100 साल बाद दूसरा ब्रॉडगेज रेलवे स्टेशन बना, सिक्किम में रंगपो तक काम तेजी से चल रहा है, मणिपुर में खोंगसांग और अरूणाचल में नाहरलगुन तक रेल पहुँची।"



**अश्विनी वैष्णव,**
रेल मंत्री





# Sunderlal Ji Dugar

(Continues to serve humanity through **Body Donation**)

In loving memory of a man with a golden heart, who always placed society and service above himself. His kindness, humility, and selfless spirit will continue to inspire all whose lives he touched.

**Vinod Baid ● Bhikham Chand Pugalia ● Surendra Kr Dugar (PS Group)**
**Anil Kumar Saraogi ● Pramod Baid ● Bhaven Kamdar ● Dharmendra Kr Jain**
**Narrinder Suranna ● Nirmal Bindayaka Jain ● Kamal Bhutoria ● Pradeep Patwa**
**Sandeep Lalwani ● Rohit Surana ● Vivek Jain ● Shailja Mehta ● Rajendra Jain**

वर्ष 10, पूर्णांक 3355 अंक 165, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in